उज्जैन
रविवार
07
जून, 2026
मूल्य- 2 रु.
■ वर्ष-12
■ अंक-214
मालवा डिवीजन 402/2024-2026
आर एन आई क्रमांक 2013/57651

# दैनिक ब्रह्मास्त्र



'मैंने नाना पाटेकर को सच में थप्पड़ जड़ दिया था', एक्ट्रेस मधु शाह ने सुनाया फिल्म यशवंत की शूटिंग का किस्सा

## जम्मू-कश्मीर के राजौरी में एंटी-टेरर ऑपरेशन के दौरान सेना के लेफ्टिनेंट की मौत

**जम्मू-कश्मीर।** जम्मू-कश्मीर के राजौरी जिले में एंटी-टेरर ऑपरेशन के दौरान सेना के लेफ्टिनेंट बीरेश्वर गोस्वामी की मौत हो गई।



लेफ्टिनेंट गोस्वामी ऑपरेशन शेरूवाली का हिस्सा थे। यह ऑपरेशन पिछले करीब दो सप्ताह से जंगलों में छिपे आतंकियों की तलाश के लिए चलाया जा रहा है। अधिकारियों के अनुसार, डोरीमल इलाके में सर्च अभियान के दौरान लेफ्टिनेंट का पैर फिसल गया और वह करीब 30 मीटर गहरी खाई में गिर गए। गंभीर रूप से घायल होने के बाद उनकी मौत हो गई। सुरक्षा बल पिछले 15 दिनों से इलाके में आतंकियों की तलाश में एंटी-टेरर ऑपरेशन चला रहे हैं।

## अमेरिका के ओहियो में स्ट्रीट फेस्टिवल के दौरान फायरिंग कई लोगों को लगी गोली

**टोलेडो।** अमेरिका के ओहियो राज्य के टोलेडो शहर में शनिवार को एक स्ट्रीट फेस्टिवल के दौरान फायरिंग हुई। घटना में कई लोग घायल हो गए। घायलों को आसपास के अस्पतालों में भर्ती कराया गया है, जबकि संदिग्धों की तलाश जारी है। टोलेडो पुलिस के अनुसार, शाम करीब 5:30 बजे ओल्ड वेस्ट एंड फेस्टिवल के पास गोली चलने की सूचना मिली थी। मौके पर पहुंचने पर पुलिस को कई लोग गोली लगने से घायल मिले। हालांकि अधिकारियों ने अभी यह नहीं बताया है कि कुल कितने लोग घायल हुए हैं और उनकी हालत कैसी है। पुलिस ने घटना के कारणों या संदिग्धों के बारे में भी कोई जानकारी नहीं दी है। घटना का एक वीडियो सामने आया है, जिसमें लगातार फायरिंग की आवाज सुनाई दी।

## इजराइल ट्रम्प सरकार की जासूसी करा रहा, बर्नर फोन का इस्तेमाल कर रहे अमेरिकी अधिकारी

**वॉशिंगटन।** अमेरिका और इजराइल के बीच ईरान को लेकर मतभेद बढ़ रहे हैं। इस बीच अमेरिकी रक्षा विभाग



(पेंटागन) के भीतर यह चिंता बढ़ गई है कि इजराइल अमेरिकी अधिकारियों और ट्रम्प सरकार की अंदरूनी जानकारी जुटाने के लिए जासूसी की कोशिश कर रहा है। न्यूज की रिपोर्ट के मुताबिक दो मौजूदा और एक पूर्व अमेरिकी अधिकारी ने बताया कि पेंटागन की डिफेंस इंटेलिजेंस एजेंसी ने हाल ही में इजराइल से जुड़े काउंटर-इंटेलिजेंस खतरे का स्तर बढ़ाकर क्रिटिकल कर दिया है। यह एजेंसी का सबसे गंभीर अलर्ट माना जाता है।

## भारत-नेपाल के बीच यूपीआई लिंक लॉन्च, अब दोनों देशों में आसान होगा पैसा भेजना

**नई दिल्ली।** भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर ने नई दिल्ली में नेपाल के विदेश मंत्री शिशिर खनाल से मुलाकात की। बैठक के दौरान भारत और नेपाल के बीच यूपीआई और नेपाल के नेशनल पेमेंट सिस्टम को जोड़ा गया। इससे दोनों देशों के लोगों के लिए सीमा पार पैसा भेजना आसान होगा। भारत ने 2015 के भूकंप के बाद चल रहे पुनर्निर्माण कार्यक्रम के तहत नेपाल को 72 हेल्थ फैसिलिटी और 12 सांस्कृतिक विरासत परियोजनाएं भी सौंपीं। इसके अलावा काठमांडू यूनिवर्सिटी और भारत की डिजिटल इंडिया भाषिणी के बीच समझौता हुआ। इसके तहत नेपाल के लिए 'वॉइस फर्स्ट' भाषा ट्रांसलेशन प्लेटफॉर्म तैयार किया जाएगा।

## नेशनल अवार्ड विजेता मलयालम एक्टर सलीम कुमार की कार्डियक अरेस्ट से मौत

**कोच्चि।** मलयालम सिनेमा के मशहूर एक्टर और नेशनल अवॉर्ड विजेता सलीम कुमार का शनिवार देर रात



कोच्चि के एक निजी अस्पताल में निधन हो गया। वह 56 साल के थे। उन्हें शनिवार सुबह बेचैनी महसूस होने पर कोच्चि के अमृता अस्पताल ले जाया गया था। उन्हें वेंटिलेटर पर रखा गया था। हालांकि, रात में कार्डियक अरेस्ट आने से उनकी मौत हो गई। सलीम कुमार मलयालम फिल्म इंडस्ट्री के लोकप्रिय कलाकारों में गिने जाते थे। उन्होंने कॉमेडी और गंभीर दोनों तरह की भूमिकाओं में अपनी अलग पहचान बनाई।

## इक्वाडोर के फिशिंग पोर्ट पर भीषण आग, 20 से ज्यादा नावें जलकर राख

**इक्वाडोर।** इक्वाडोर के मांटा फिशिंग पोर्ट पर शनिवार को भीषण आग लग गई। आग एक नाव से शुरू होकर तेजी से आसपास खड़ी दूसरी नौकाओं तक फैल गई। हादसे में 20 से ज्यादा नावें जलकर खाक हो गईं। हादसे में अब तक 2 लोगों के घायल होने की खबर है। सोशल मीडिया पर सामने आए वीडियो में कई नावें आग की लपटों में घिरी दिखाई दीं। पोर्ट से काले धुएं का बड़ा गुबार उठता नजर आया। आग के दौरान कई धमाकों की आवाजें भी सुनाई दीं। कुछ लोगों ने कम से कम 8 धमाके होने का दावा किया। स्थानीय मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक आग सबसे पहले एक फिशिंग बोट में लगी थी।

## मानसून 7 राज्यों में पहुंचा, केरलम-तमिलनाडु

# गोवा में भारी बारिश

### चेन्नई में पारा अब भी 40 डिग्री पार, एमपी-राजस्थान में आंधी-बारिश, कई जगह पेड़ गिरे

ब्रह्मास्त्र ›› लखनऊ/भोपाल

देश में गुजरात को छोड़कर अन्य सभी राज्यों में प्री-मानसून बारिश हो रही है। मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, बिहार, झारखंड, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश समेत नॉर्थ ईस्ट के राज्यों में शनिवार को तेज बारिश हुई।

बिहार के जमुई, मुंगेर, बांका और बक्सर में चार लोगों की और झारखंड में 2 लोगों की बिजली गिरने से मौत हो गई। एमपी के 4 जिलों में तेज आंधी-बारिश हुई। शाजापुर में ओले गिरे।

राजस्थान के बीकानेर में बारिश के साथ ओले गिरे। यूपी के मऊ और गाजीपुर में शनिवार को 50 किमी प्रतिघंटे की रफ्तार से हवाएं चलीं और बारिश हुई। इधर, शनिवार को मानसून महाराष्ट्र में समुद्र के किनारे बसे शहर देवगढ़ पहुंच गया। अगले 2 दिन में यह पूरे महाराष्ट्र को कवर कर लेगा।



पूर्वोत्तर के मिजोरम और मणिपुर में भी मानसून पहुंच चुका है।

मौसम विभाग का अनुमान है कि अगले दो दिन में यह महाराष्ट्र, कर्नाटक, आंध्र प्रदेश के बाकी हिस्सों के साथ तेलंगाना और पूर्वोत्तर के अन्य राज्यों में पहुंच सकता है। मानसून के कारण केरलम, कर्नाटक, गोवा और तमिलनाडु में कई जिलों में भारी बारिश हो रही है। हालांकि तमिलनाडु की राजधानी चेन्नई में लगातार 5वें दिन पारा 40 डिग्री का आंकड़ा पार कर गया। उत्तर भारत में पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़ दिल्ली, यूपी, पूर्वी राजस्थान में तेज गर्मी का दौर दोबारा शुरू हो गया है। यहां कई इलाकों में लू का अलर्ट जारी किया गया है।

### मानसून अलर्ट

- तीन दिन की देरी से पहुंचने के बाद मानसून ने रफ्तार पकड़ ली है। 4 दिन के अंदर इसने 7 राज्यों को कवर कर लिया है। शनिवार को मानसून ने आंध्र प्रदेश, महाराष्ट्र, मिजोरम और मणिपुर में एंट्री ली। इससे पहले शुक्रवार को कर्नाटक, तमिलनाडु और गोवा में पहुंचा था। केरलम में मानसून 4 जून को पहुंचा था।
- आईएमडी के मुताबिक अगले तीन दिनों में मानसून पूर्वोत्तर के सभी राज्यों और पश्चिम बंगाल के कुछ हिस्सों तक पहुंच सकता है। अगले 10 दिनों में इसके बिहार, झारखंड और ओडिशा पहुंचने की संभावना है।
- स्काईमेट वेदर के एक्सपर्ट जीपी शर्मा के मुताबिक एमपी, छत्तीसगढ़, ओडिशा और बंगाल में मानसून की रफ्तार फिलहाल धीमी रह सकती है, क्योंकि इसे आगे बढ़ाने के लिए बंगाल की खाड़ी में कोई मजबूत मौसम सिस्टम एक्टिव नहीं है।

# आज से घरेलू सिलेंडर 29 रुपये महंगा हुआ

### ग्वालियर-उज्जैन में 1000 पार, भोपाल में 947 इंदौर में 970, जबलपुर में 919 रुपये में मिलेगा

ब्रह्मास्त्र ›› भोपाल

मध्य प्रदेश में भी घरेलू एलपीजी सिलेंडर 29 रुपए महंगा हो गया है। नई दरें आज रविवार (7 जून) से लागू हो गई है। भोपाल में अब 14.2 किलोग्राम वाले गैस सिलेंडर की कीमत 918.50 से बढ़कर 947.50 रुपये हो जाएगी। 5 बड़े शहरों में ग्वालियर में कीमत 1 हजार रुपए पार हो गई है। ग्वालियर में 1025 और उज्जैन में 1001 रुपए में सिलेंडर मिलेगा। इंदौर में अब रेट 970 रुपए, जबलपुर में 919 रुपए हो गए हैं।

**तीन महीने में दूसरी बार घरेलू गैस महंगी-** करीब तीन महीने में दूसरी बार घरेलू गैस महंगी हुई है। इससे पहले 7 मार्च को एलपीजी सिलेंडर के दाम 60 रु. बढ़ाए गए थे। इस तरह 3 महीने के अंदर घरेलू सिलेंडर 110 रुपए महंगा हो गया है।



जानकारी के अनुसार, तेल कंपनियों का कहना है कि अंतरराष्ट्रीय बाजार में बढ़ी ऊर्जा लागत और घरेलू बिक्री पर नुकसान के कारण कीमतें बढ़ानी पड़ी हैं। न्यूज एजेंसी एलपीजी ने सूत्रों के हवाले से बताया कि सरकारी तेल कंपनियों को हर घरेलू सिलेंडर पर करीब 703 रुपये का नुकसान हो रहा था। दाम बढ़ने से बावजूद सिर्फ आंशिक भरपाई होगी।

# ईरान का आरोप- अमेरिका ने सीजफायर तोड़ा

### कहा- उसकी वजह से इलाके की सुरक्षा खतरे में, अब जो हालात बनेंगे, उसके लिए वह जिम्मेदार

ब्रह्मास्त्र ›› तेल अवीव

ईरान के विदेश मंत्रालय ने शनिवार को अमेरिका पर सीजफायर तोड़ने का आरोप लगाया। ईरानी फॉरेन मिनिस्ट्री का कहना है कि अमेरिका तनाव कम करने के बजाय अपनी सैन्य कार्रवाई से पूरे क्षेत्र की सुरक्षा को खतरे में डाल रहा है।

विदेश मंत्रालय ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर जारी बयान में कहा कि अमेरिका ने सीरिक क्षेत्र और केश्म द्वीप पर ईरान के तटीय रडार और निगरानी केंद्रों पर हमला किया, जो सीजफायर का साफ उल्लंघन है। ईरान ने कहा कि इन हमलों के बाद जो भी हालात पैदा होंगे और उसके जो भी नतीजे होंगे, उनकी पूरी जिम्मेदारी अमेरिका की होगी।



1. **लेबनान में मौतों का आंकड़ा 3,593 पहुंचा:** 2 मार्च से जारी इजराइली हमलों में अब तक 3,593 लोगों की मौत और 10,990 लोग घायल हुए हैं। पिछले 24 घंटे में 35 लोगों की जान गई और 120 घायल हुए।
2. **दक्षिणी लेबनान में इजराइली हमले तेज, 10 लोगों की मौत:** शनिवार को इजराइली हमलों में लेबनानी सेना के एक ब्रिगेडियर जनरल समेत 10 लोगों की मौत हुई। हमलों के बाद कई इलाकों में लोगों को घर खाली करने के आदेश दिए गए।
3. **अमेरिका ने 4 ईरानी ड्रोन मार गिराने का दावा किया:** अमेरिका ने होर्मुज की ओर बढ़ रहे 4 ईरानी ड्रोन मार गिराने और केश्म आइलैंड की रडार साइट्स पर हमला करने का दावा किया। जवाब में ईरान ने कुवैत और बहरीन की ओर 7 बैलिस्टिक मिसाइलें दागीं, जिन्हें इंटरसेप्ट करने का दावा किया गया। तेहरान ने आरोप लगाया कि अमेरिका ने सीरिक और केश्म द्वीप पर तटीय रडार ठिकानों पर हमला कर युद्धविराम का उल्लंघन किया।

## गौतम अडाणी एक महीने बाद फिर एशिया में सबसे अमीर

ब्रह्मास्त्र ›› नई दिल्ली

अडाणी ग्रुप के चेयरमैन गौतम अडाणी एक महीने बाद फिर एशिया के सबसे अमीर व्यक्ति बन गए हैं। फोर्ब्स की रिपोर्ट के मुताबिक, अडाणी ग्रुप के शेयरों में आई जोरदार तेजी के बाद उनकी नेटवर्थ बढ़कर 90 अरब डॉलर यानी करीब 8.55 लाख करोड़ रुपए हो गई है। इस उछाल के साथ उन्होंने रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन मुकेश अंबानी और सॉफ्टबैंक के उएड मसायोशी सन को पीछे छोड़ दिया है। अडाणी अप्रैल तक एशिया के सबसे अमीर बिजनेसमैन थे, लेकिन उनके शेयरों में गिरावट आने के कारण वह मई में पिछड़कर तीसरे नंबर पर आ गए थे।

## गायक किंजल दवे, मोनल गज्जर महाकाल भस्म आरती में शामिल हुईं

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

प्रसिद्ध गुजराती गायिका किंजल दवे और फिल्म अभिनेत्री मोनल गज्जर ने रविवार तड़के उज्जैन के विश्व प्रसिद्ध महाकाल मंदिर में भगवान श्री महाकालेश्वर की भस्म आरती में भाग लिया। उन्होंने बाबा महाकाल के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया।

दोनों कलाकार सुबह करीब 4 बजे मंदिर पहुंचीं और नंदी हॉल में बैठकर लगभग दो घंटे तक भस्म आरती में शामिल रहीं। इस दौरान वे भगवान महाकाल का जाप करती नजर आईं। उन्होंने नंदी महाराज का पूजन कर अपनी मनोकामनाएं अर्पित कीं। भस्म आरती के बाद किंजल दवे और



मोनल गज्जर ने भगवान महाकाल का जलाभिषेक किया। श्री महाकालेश्वर मंदिर प्रबंध समिति की ओर से उप प्रशासक एस.एन. सोनी ने उनका स्वागत और सम्मान किया। इस अवसर पर किंजल दवे ने बताया कि यह लगभग दो महीने में उनका दूसरा महाकाल दर्शन है। उन्होंने कहा, बाबा महाकाल ने मुझे दोबारा बुलाया है, इसके लिए मैं स्वयं को सौभाग्यशाली मानती हूं और सभी का धन्यवाद करती हूं।

# टॉयलेट करने से रोकने पर तलवार से गर्दन काटी, दो आरोपी गिरफ्तार

### लाश गोद में रखकर पत्नी रोती रही, बेटी बोली- पापा उठ जाओ, 2 गिरफ्तार

ब्रह्मास्त्र ›› झांसी

झांसी में होटल में काम करने वाले 3 भाइयों ने तलवार-फरसे से चाचा-भतीजे पर हमला कर दिया। भतीजे की मौत हो गई, जबकि चाचा की हालत गंभीर है। शुक्रवार रात 12 बजे हमला उस वक्त किया गया, जब चाचा-भतीजे पावरहाउस से लौट रहे थे। घात लगाए बैठे 3 भाइयों ने उन पर हमला कर दिया। हमले में चाचा-भतीजे सड़क पर लहूलुहान होकर गिर पड़े।

चीख-पुकार सुनकर घरवाले पहुंचे। भतीजे की 8 महीने की गर्भवती पत्नी लाश गोद में रखकर रोने लगी। बेटी बार-बार कहती रही- पापा उठ जाओ। सूचना पर पुलिस एंबुलेंस के साथ मौके पर पहुंची। दोनों को मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया। 4 घंटे तक चले इलाज के बाद भतीजे गौरीशंकर कुशवाहा (45) की मौत हो गई। चाचा मुरारीलाल कुशवाहा (65) का इलाज जारी है। पुलिस ने शिवानी होटल के मालिक आनंद यादव और शेरसिंह को गिरफ्तार कर लिया है। आनंद यादव



सीपरी बाजार के मिशन कम्पाउंड का रहने वाला है। जबकि शेरसिंह मध्य प्रदेश के मुरैना का रहने वाला है। फिलहाल वह शिवानी होटल के पीछे रह रहा था। शेरसिंह के तीनों बेटे अभी फरार हैं।

घटना सीपरी बाजार थाना क्षेत्र में शुक्रवार रात 12 बजे हुई। बेटी ने बताया- घर के पास शिवानी होटल है। होटल के कर्मचारी मंदिर के सामने शराब पीते हैं और वहीं बाथरूम करते हैं। एक साल पहले पापा ने इसका विरोध किया था, तो होटल वालों ने मारपीट की थी। तब थाने में शिकायत की गई थी। पुलिस ने आरोपियों का धारा-151 में चालान किया था। इसके बाद आरोपी कोर्ट से छूट गए थे। इसी रंजिश में होटल मालिक ने 3 भाइयों से पिता की हत्या करवा दी।

# बांग्लादेश लौटने के लिए खुद सामने आ रहे अवैध प्रवासी

### बंगाल में रोज 200-300 लोगों का वेरिफिकेशन, बॉर्डर पर दोनों देशों में एक जैसा तनाव

ब्रह्मास्त्र ›› कोलकाता

पश्चिम बंगाल के उत्तर 24 परगना जिले की हकीमपुर चेकपोस्ट पर इन दिनों अवैध रूप से भारत में रह रहे बांग्लादेशी नागरिकों की भीड़ जुट रही है। ये लोग खुद अपनी पहचान बताकर बांग्लादेश लौटने की इच्छा जता रहे हैं।

हालांकि, सीमा सुरक्षा बल उन्हें सीधे सीमा पार भेजने के बजाय बायोमीट्रिक और अन्य पहचान पत्र लेकर बंगाल में बनाए गए होल्डिंग सेंटरों में भेज रही है। हकीमपुर बॉर्डर पर वेरिफिकेशन सेंटर पर रोजाना करीब 200 से 300 लोग वेरिफिकेशन के लिए पहुंच रहे हैं।

इनमें से कई लोग सालों पहले अवैध रूप से भारत आए थे और अब बदलते हालात के बीच अपने भविष्य को लेकर चिंतित



हैं। कई लोगों के पास भारतीय दस्तावेज हैं, लेकिन बांग्लादेशी पहचान संबंधी कागजात नहीं हैं।

**अधिकारी बोले- पहली बार अवैध प्रवासियों को ढूंढना नहीं पड़ रहा-** बीएसएफ के एक अधिकारी ने नाम न छापने की शर्त पर कहा कि पहली बार ऐसी स्थिति बनी है जब अवैध प्रवासियों को तलाशने की जरूरत नहीं पड़ रही। लोग खुद वेरिफिकेशन कराने और अपनी पहचान दर्ज कराने के लिए चेकपोस्ट पर पहुंच रहे हैं।

अधिकारी के अनुसार, सुबह से शाम तक लोगों की लंबी कतारें लगी रहती हैं और वेरिफिकेशन में काफी समय लग रहा है। स्थानीय संगठन भूखा मानुसेर अधिकार अभियान के अध्यक्ष मोहर मंडल के अनुसार, वेरिफिकेशन कराने पहुंच रहे अधिकांश लोग बांग्लादेश के छह जिलों से हैं और अवैध रूप से भारत आए थे।

### प्रवासी ने कहा- भारत में रह नहीं पा रहे, बांग्लादेश जा नहीं सकते

मुंबई में रह रहे मोहम्मद अख्तर शेख ने बताया कि वह 22 साल पहले बांग्लादेश से भारत आए थे। उनके पास भारतीय आधार कार्ड है, लेकिन बांग्लादेश का कोई दस्तावेज नहीं है। उन्हें डर है कि अब वे न बच्चों के साथ रह पाएंगे और न ही बांग्लादेश जा सकेंगे।

इसी तरह, 20 साल पहले मुर्शिदाबाद के जलंगी बॉर्डर के रास्ते भारत आए इस्लाम सरदार बात करते-करते रोने लगे। वह कहते हैं, मैं बांग्लादेश के बारीसाल जिले से आया था। दिल्ली की झुग्गियों में पूरी जिंदगी गुजार दी। सबसे बड़ा डर यही है कि दोनों देशों में से किसी ने हमें स्वीकार नहीं किया तो क्या होगा।

## टीएमसी सांसद यूसुफ पठान ने कहा-ममता ने सांसदी छोड़ने को नहीं कहा:वे चुनाव नहीं लड़ रहीं

# गांगुली ने भी पोस्ट करके खबर को गलत बताया

ब्रह्मास्त्र ›› कोलकाता

टीएमसी सांसद यूसुफ पठान ने कहा कि ममता बनर्जी ने कभी भी उनसे लोकसभा सीट छोड़ने के लिए नहीं कहा है। पार्टी के किसी नेता ने भी मुझे ऐसा कोई मैसेज नहीं दिया है। मीडिया में जो खबरें चल रही हैं वह गलत हैं।

हमारी आखिरी जो मीटिंग हुई थी, उसमें भी ऐसी कोई चर्चा नहीं हुई। मुझे दुःख होता है कि ऐसी कोई भी खबर जो ऑफिशियल नहीं है, उस पर सोशल मीडिया पर बात हो रही है।

दरअसल, 4 जून को बंगाल के अखबार आनंद बाजार पत्रिका ने दावा किया था कि ममता ने सौरव गांगुली से कहा है कि वह यूसुफ को लोकसभा सीट छोड़ने के लिए मनाएं, ताकि ममता उपचुनाव के जरिए संसद पहुंच सकें।

**गांगुली बोले- मैंने युसुफ को कोई**



**मैसेज नहीं पहुंचाया-** पूर्व कप्तान सौरव गांगुली ने शनिवार को इस पर सफाई दी। उन्होंने कहा, मैंने ममता बनर्जी के कहने पर टीएमसी सांसद यूसुफ पठान से बहरामपुर सीट से इस्तीफा देने के लिए नहीं कहा। मीडिया ऐसी अफवाहों और अटकलों पर भरोसा न करे।

गांगुली ने मीडिया हाउस को लेटर जारी कर कहा- बिना सत्यता जाने खबर पब्लिश ना करें। लेटर में लिखा कि ये सभी बातें पूरी तरह गलत हैं। न ही मैंने यूसुफ से इस तरह के किसी मैसेज को लेकर कभी संपर्क किया। मुझे राजनीति से कभी मतलब नहीं रहा।

### टीएमसी के लिए सेफ सीट है बहरामपुर

यूसुफ पठान गुजरात के वडोदरा के रहने वाले हैं। ममता ने उन्हें 2024 में बंगाल की बहरामपुर लोकसभा सीट से टिकट दिया। पठान ने कांग्रेस के अधीर रंजन चौधरी को 85 हजार वोटों से हराया था। अधीर उस सीट से लगातार 5 चुनाव जीत चुके थे। अधीर रंजन 2019 से 2024 तक लोकसभा में कांग्रेस सांसद दल के नेता थे। पठान की जीत के बाद से इस सीट को टीएमसी के लिए एक सेफ सीट की तरह देखा जाने लगा, क्योंकि यहां 50-52% मुस्लिम वोटर हैं, जो टीएमसी के कोर वोटर माने जाते हैं। बंगाल विधानसभा चुनाव में सीएम शुभेंदु अधिकारी ने ममता को भवानीपुर सीट पर 15 हजार से ज्यादा वोटों से हराया था। इसलिए अब वे विधायक नहीं हैं। बंगाल कोटे से राज्यसभा में फिलहाल कोई सीट भी खाली नहीं है।

## मां के बॉयफ्रेंड ने की बेटी की हत्या

# गला घोंटा, सूटकेस में पैक की, होशियारपुर में जलाई

ब्रह्मास्त्र ›› जालंधर

होशियारपुर के जंगल में सूटकेस से 14 वर्षीय लड़की का जला हुआ शव मिलने के मामले में पुलिस ने बड़ा खुलासा किया है। जांच में सामने आया कि युवती की हत्या उसकी मां के लिव-इन पार्टनर ने की थी। आरोपी का दावा है कि उसे लड़की का लड़कों से मिलना-जुलना पसंद नहीं था। वह जब उसे इस बात को लेकर रोकता-टोकता था तो लड़की उसकी मां के साथ उसके रिश्ते की बात सबको बताने की धमकी देती थी।

इसी से नाराज होकर आरोपी ने पहले गला घोंटकर हत्या की, फिर शव को सूटकेस में पैक कर



खुरालगढ़ के जंगल में ले जाकर जला दिया। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज और पूछताछ के आधार पर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के मुताबिक आरोपी और मृतका की मां पिछले दो साल से लिव-इन रिलेशनशिप में रह रहे थे। आरोपी ने पूछताछ में हत्या की बात कबूल कर ली है।

दैनिक ब्रह्मास्त्र

किं जातैर्बहुभिः पुत्रैः शोकसन्तापकारकैः।
वरमेकः कुलालम्बी यत्र विश्राम्यते कुलम्॥
अर्थः शोक और सन्ताप उत्पन्न करने वाले अनेक पुत्रों के पैदा होने से क्या लाभ कुल को सहारा देनेवाले एक ही पुत्र श्रेष्ठ है, जिसके सहारे सारा कुल विश्राम करता है।

## खबर एक नजर...

### साइबर फ्रॉड मामलों में पीड़ितों की राशि जल्द रिस्टोर करवाएं

**उज्जैन।** खाचरौद एवं बड़नगर अनुभाग के सभी थाना प्रभारियों एवं पुलिस अधिकारियों की अपराध समीक्षा पुलिस अधीक्षक प्रदीप शर्मा द्वारा शनिवार को बैठक ली गई। बैठक में लंबित अपराधों के शीघ्र निराकरण, फरार आरोपियों की गिरफ्तारी, अवैध गतिविधियों पर प्रभावी कार्रवाई, महिला संबंधी अपराधों में त्वरित कार्यवाही एवं रात्रि गश्त को और सुदृढ़ करने के निर्देश दिए गए। इसके अलावा एसपी शर्मा ने सभी पुलिस अधिकारियों और थाना प्रभारियों को सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों का समयसीमा में गुणवत्तापूर्ण निराकरण, साइबर फ्रॉड मामलों में एमआरएम (मनी रीस्टोरेशन मॉड्यूल) के माध्यम से पीड़ितों की राशि शीघ्र रिस्टोर कराने, संवेदनशील क्षेत्रों में विशेष निगरानी रखने और हिस्ट्रीशीटर एवं गुंडा तत्वों पर प्रभावी कार्रवाई करने के निर्देश दिए। बैठक में कानून व्यवस्था बनाए रखने, आगामी त्योहारों को शांतिपूर्ण एवं सुरक्षित वातावरण में संपन्न कराने और आमजन से बेहतर संवाद स्थापित करने पर भी विशेष जोर दिया गया।

### गैलरी से सटाकर निकाल रहे बिजली तार, खतरा

**उज्जैन।** राजस्व कॉलोनी की महज 450 मीटर लंबाई के बाद बाउंड्रीवाल से पूर्णरूप से बंद जिस सड़क को सिंहस्थ मद से चौड़ा किया जा रहा है, वहां रहवासियों के सामने अब करंट का स्थाई नया खतरा खड़ा हो गया है। आधी 24 और आधी 18 मीटर चौड़ी सड़क करने वाले अफसरों ने ऐसी डिजाइन बनाई कि बिजली लाइन की केबल मकान के छज्जे के ऊपर व गैलरी से टकराकर निकल रही है। लापरवाही ऐसी कि नाली से सटाकर ही बिजली का पोल खाड़ दिए गए। पोल पर केबल डालते देख रहवासियों का गुस्सा फूट पड़ा। एक-दो मकान मालिकों की बिजली लाइन डालने वालों से बहस भी हुई, लेकिन ठेकेदार नहीं माने, न ही उन्होंने सुधार की पहल की और न ही काम रोका। ठेकेदार ने जो बिजली लाइन डाली, वह एक मकान के कुछ हिस्से के ऊपर से निकल गई। आगे के दो-तीन मकानों की गैलरी से टकराते हुए तार को आगे निकाला गया। हालांकि करंट के तार अभी केबल जैसे है, लेकिन गैलरी व दीवारों से लगातार टकराव के कारण रहवासियों को केबल कटने का अंदेशा जताते हुए हमेशा करंट फैलने का डर बने रहने की बात कही।

### 1.20 करोड़ की धोखाधड़ी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश

**इंदौर।** इंदौर क्राइम ब्रांच ने वेलनेस सेंटर की फ्रैंचाइजी देने के नाम पर 1.20 करोड़ की धोखाधड़ी करने वाले गिरोह का पदार्फाश किया है। क्राइम ब्रांच ने नई दिल्ली से कंपनी के दो शातिर डायरेक्टर को गिरफ्तार किया है, जबकि दो डॉक्टरों की तलाश जारी है। आरोपी डॉ. हरोर्स एस्थेटिक प्राइवेट लिमिडेट कंपनी बनाकर फ्रैंचाइजी के नाम पर बड़ा नेटवर्क चलाते थे। डीसीपी क्राइम ब्रांच राजेश कुमार त्रिपाठी ने बताया कि 26 मई को क्राइम ब्रांच में सॉफ्टवेयर इंजीनियर महिला रितु मेहता ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि नई दिल्ली की कंपनी डॉ.हरोर्स एस्थेटिक प्राइवेट लिमिटेड के संचालकों द्वारा वेलनेस सेंटर खोलने की फ्रैंचाइजी देने के नाम पर उनसे 1.20 करोड़ रुपए की धोखाधड़ी की है। मामले की गंभीरता को देखते हुए क्राइम ब्रांच ने एक स्पेशल टीम बनाई और कार्रवाई करते हुए उन्हें नई दिल्ली रवाना किया, जिसके बाद टीम ने आरोपियों की जानकारी निकाली और उनके ठिकानों पर दबिश दी।

### इंदौर में बच्ची के साथ गलत हरकत, लोगों में आक्रोश

**इंदौर।** इंदौर में शुक्रवार रात लोगों ने गोम्मटगिरि चौराहे पर चक्काजाम कर दिया। थाना क्षेत्र में 11 वर्षीय बच्ची के साथ हुई घटना के बाद पुलिस ने छेड़छाड़ की धारा में मामला दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया था। वहीं, बच्ची के परिजनों और स्थानीय लोगों का आरोप था कि बच्ची के साथ दुष्कर्म हुआ है, लेकिन पुलिस ने दुष्कर्म का मामला दर्ज नहीं किया और न ही उसका मेडिकल परीक्षण कराया। उनका यह भी कहना था कि घटना में अन्य आरोपी भी शामिल हैं। इसी को लेकर लोगों में आक्रोश था। प्रदर्शन के दौरान बलाई महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष मनोज परमार भी मौके पर पहुंचे। गांधीनगर एसीपी निधि सक्सेना ने बताया कि मामला गांधीनगर थाना क्षेत्र का है। गुरुवार को 11 वर्षीय बच्ची ने थाने में छेड़छाड़ की शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत के आधार पर पुलिस ने क्षेत्र के ही एक अधेड़ व्यक्ति के खिलाफ केस दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया था। उस समय बच्ची ने छेड़छाड़ की ही घटना होना बताया था।

### डिलीवरी बॉय का मोबाइल लूटने वाले 2 आरोपी गिरफ्तार

**इंदौर।** इंदौर के राजेंद्र नगर थाना क्षेत्र में डिलीवरी बॉय से मोबाइल लूटने वाले दो आरोपियों को शुक्रवार को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों के कब्जे से लूटा गया मोबाइल भी बरामद कर लिया गया है। पुलिस दोनों से पूछताछ कर उनके आपराधिक रिकॉर्ड और अन्य वारदातों के संबंध में जानकारी जुटा रही है। राजेंद्र नगर थाना प्रभारी यशवंत बडोले ने बताया कि गुरुवार को दीन नगर क्षेत्र में एक डिलीवरी बॉय पार्सल देने गया था। इसी दौरान वह मोबाइल पर बात कर रहा था। तभी दो बदमाश उसके पास पहुंचे और हाथ से मोबाइल छीनकर फरार हो गए। घटना के बाद पीड़ित ने थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई।

---

**इंदौर के होलकर स्टेडियम में आयोजित मध्य प्रदेश लीग (एमपीएल) 2026 में**

# जबलपुर रॉयल लायंस ने इंदौर पिंक पैंथर्स को 5 विकेट से हराया

**ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर**

इंदौर के होलकर स्टेडियम में आयोजित मध्य प्रदेश लीग (एमपीएल) 2026 में शनिवार को दो महत्वपूर्ण मुकाबले खेले जाने हैं। दिन का पहला मैच बुंदेलखंड बुल्स और रीवा जगुआर्स के बीच खेला गया, जबकि शाम को इंदौर पिंक पैंथर्स और जबलपुर रॉयल लायंस आमने-सामने हुए। इस मैच में जबलपुर की टीम ने इंदौर को पांच विकेट से हरा दिया।

इंदौर पिंक पैंथर्स की टीम ने जबलपुर के सामने 149 रन बनाए। इस तरह इंदौर ने जबलपुर के सामने 150 रनों का लक्ष्य रखा है। जवाब में उतरी जबलपुर की टीम ने 5 विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया। अजय ने अर्धशतक जमाया।





टूर्नामेंट में शुरूआती मुकाबलों से ही रोमांच देखने को मिल रहा है। गत चैंपियन भोपाल लेपड्र्स ने अपने अभियान की शानदार शुरूआत की, वहीं ग्वालियर चीता्स ने वापसी करते हुए भोपाल लेपड्र्स को 12 रन से हराकर सीजन की पहली जीत दर्ज की। इस मैच में पार्थ साहनी ने टूर्नामेंट का पहला शतक जमाकर सुर्खियां बटोरीं।

उज्जैन फाल्कन्स भी जीत की लय में दिखाई दे रही है। टीम ने उद्घाटन मुकाबले में ग्वालियर चीता्स को हराकर अपने इरादे जाहिर कर दिए थे। वहीं मालवा स्टैलियंस, इंदौर पिंक पैंथर्स और जबलपुर रॉयल लायंस जैसी टीमें भी अंक तालिका में मजबूत स्थिति बनाने के लिए संघर्ष कर रही हैं।

एमपी लीग 2026 का आयोजन पहली बार इंदौर में हो रहा है। टूर्नामेंट 26 जून तक चलेगा और इसमें प्रदेश की 10 फ्रेंचाइजी टीमें हिस्सा ले रही हैं।

### मैचों को लेकर खास

- ग्वालियर चीता्स ने भोपाल लेपड्र्स को 12 रन से हराया।
- पार्थ साहनी ने एमपीएल 2026 का पहला शतक लगाया।
- रीवा जगुआर्स की दमदार शुरूआत, बुंदेलखंड बुल्स को 5 विकेट से हराया
- इसके पूर्व आज रीवा जगुआर्स ने बुंदेलखंड बुल्स को 5 विकेट से हरा दिया। रीवा ने लक्ष्य का सफल पीछा करते हुए टूर्नामेंट में विजयी शुरूआत की और अंक तालिका में महत्वपूर्ण अंक हासिल किए।

---

**नौतपा और भीषण गर्मी के बावजूद उमड़ी आस्था, जून में रोज 1 लाख से ज्यादा श्रद्धालु पहुंच रहे**

# 12 दिनों में 21 लाख श्रद्धालुओं ने किए भगवान महाकाल के दर्शन

**ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन**

उज्जैन स्थित श्री महाकालेश्वर मंदिर में 20 मई से 31 मई के बीच 12 दिनों में 21.15 लाख से ज्यादा श्रद्धालुओं ने भगवान महाकाल के दर्शन किए। इस दौरान शनिवार और रविवार को सबसे ज्यादा भीड़ दर्ज की गई। यह वक्त नौतपा का भी रहा था।

मंदिर प्रशासन के अनुसार, 12 दिनों में कुल 21,15,543 श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंचे। अधिकांश दिनों में श्रद्धालुओं की संख्या डेढ़ लाख से अधिक रही। सबसे अधिक भीड़ रविवार 24 मई को रही, जब 2,46,776 श्रद्धालुओं ने दर्शन किए। वहीं सोमवार 25 मई को 1,96,480 और शनिवार 23 मई को 1,95,106 भक्त मंदिर पहुंचे। इधर, जून के पहले हफ्ते में भी करीब 1 लाख से ज्यादा भक्त आ रहे है।



### 1200 सीसीटीवी कैमरों से निगरानी

सुरक्षा और भीड़ प्रबंधन के लिए कंट्रोल रूम से करीब 1200 सीसीटीवी कैमरों के जरिए 24 घंटे निगरानी की जा रही है। किसी भी आपात स्थिति या अव्यवस्था की सूचना मिलने पर संबंधित टीम को तुरंत अलर्ट कर कार्रवाई की जाती है। मंदिर परिसर में मेडिकल टीम और सुरक्षाकर्मी भी लगातार तैनात हैं।

**गर्मी से राहत के लिए विशेष इंतजाम हुए-** श्रद्धालुओं की बढ़ती संख्या को देखते हुए मंदिर प्रशासन ने दर्शन व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए विशेष व्यवस्थाएं की हैं। प्रमुख मार्गों पर शेड, मैटिंग और पेयजल की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। साथ ही गर्मी से राहत देने के लिए मंदिर परिसर और दर्शन मार्गों पर मिस्ट सिस्टम तथा हीट-प्रूफ पाथ तैयार किए गए हैं।

**कलेक्टर ने भी परखी व्यवस्थाएं-** कुछ दिन पहले उज्जैन कलेक्टर रोशन कुमार सिंह ने मंदिर प्रशासक प्रथम कौशिक के साथ आम श्रद्धालु की तरह कतार में लगकर व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया था। उन्होंने श्रद्धालुओं से बातचीत कर सुविधाओं और व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी भी ली।

---

**पारिवारिक विवाद में हुई हत्या का खुलासा**

## भाई ही निकला कातिल, परिवार ने पुलिस को किया गुमराह, 5 गिरफ्तार



**ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर**

द्वारकापुरी थाना क्षेत्र के सूर्यदेव नगर, नाथ मोहल्ला में 4 जून को हुई हत्या का पुलिस ने खुलासा कर दिया। ये हत्या पारिवारिक विवाद के चलते हुए थी। मामले में पुलिस ने सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

पुलिस के मुताबिक 4 जून को सूर्यदेव नगर, नाथ मोहल्ला में चाकूबाजी की घटना की जानकारी पुलिस को मिली थी। घटना में घायल हरीश पिता नरेंद्र शितोले निवासी सूर्यदेव नगर की इलाज के दौरान मौत हो गई थी। इस घटना के बाद मृतक की मां पुष्पा और आसपास की कुछ महिलाओं ने थाने पहुंचकर मृतक की पत्नी शीतल पर चाकू मारने का आरोप लगाया।

बाद में जब यह स्पष्ट हुआ कि घटना के समय शीतल थाने में ही मौजूद थी, तब परिजनों ने अपने बयान बदलते हुए हरीश ने ही खुद को चाकू मारने की बात कही। मामले में द्वारकापुरी पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू की। मामले में डीसीपी सुनील मेहता ने बताया कि मामले में एक विशेष टीम का गठन किया गया और घटना की गहराई से जांच शुरू की गई। जांच में सामने आया कि घटना के समय घर पर हरीश के पिता नरेंद्र, मां पुष्पा, भाई प्रद्युम्न, भाभी पूजा और बहन दीक्षा और पत्नी शीतल मौजूद थे।

---

**मेट्रो प्रोजेक्ट और धरोहरों पर उठे सवाल**

## अवकाश के दिन प्रशासन की सुनवाई पर्यावरण और एलाइनमेंट से जुड़े रिकॉर्ड मांगे

**ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर**

इंदौर मेट्रो प्रोजेक्ट के प्रस्तावित मार्ग और उससे शहर की ऐतिहासिक धरोहरों पर पड़ने वाले संभावित प्रभाव को लेकर दायर आपत्तियों पर शनिवार को अवकाश के दिन विशेष सुनवाई आयोजित की गई। कलेक्टर की अध्यक्षता में हुई सुनवाई में याचिकाकर्ता किशोर कोडवानी द्वारा उठाए गए कई बिंदुओं पर मेट्रो कंपनी संतोषजनक जवाब प्रस्तुत नहीं कर सकी। इसके बाद प्रशासन ने कंपनी को आवश्यक दस्तावेज और विस्तृत प्रतिवेदन 16 जून तक प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं।

सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता ने दावा किया कि मेट्रो प्रोजेक्ट की ओर से संचालनालय पुरातत्व, अभिलेखागार एवं संग्रहालय के 7 दिसंबर 2021 के अभिमत पत्र को अनुमति के रूप में पेश किया गया, जबकि उस पत्र में कई शर्तों के साथ सीमित अनुमति का उल्लेख है।

याचिकाकर्ता के अनुसार नियमों के तहत 100 मीटर क्षेत्र प्रतिबंधित और उसके आगे 200 मीटर क्षेत्र नियंत्रित माना जाता है। निर्माण कार्य के दौरान कंपन, खनन, परीक्षण और निरीक्षण से जुड़ी जानकारी पुरातत्व विभाग को देना अनिवार्य है। साथ ही तकनीकी विशेषज्ञों की रिपोर्ट और नियमित निरीक्षण भी आवश्यक शर्तों में शामिल हैं।

2 जून 2026 को जिला प्रशासन द्वारा गठित टीम ने प्रस्तावित मेट्रो मार्ग के आसपास स्थित ऐतिहासिक धरोहरों का निरीक्षण किया। इसमें पाया गया कि राजवाड़ा प्रस्तावित मार्ग से करीब 205 मीटर, कृष्णपुरा छत्रियां 188 मीटर और बोलिया छत्री लगभग 178 मीटर दूरी पर स्थित हैं।

याचिकाकर्ता ने यह भी आरोप लगाया कि मेट्रो कंपनी ने कई अन्य 100 वर्ष से अधिक पुराने और पुरातात्विक महत्व के भवनों का उल्लेख अपने दस्तावेजों में नहीं किया है।

सुनवाई के दौरान 74वें संविधान संशोधन का हवाला देते हुए जिला योजना समिति की भूमिका पर भी सवाल उठाए गए। याचिकाकर्ता ने दावा किया कि इस बड़े प्रोजेक्ट से जुड़े आवश्यक प्रस्ताव और दस्तावेज अब तक सार्वजनिक नहीं किए गए हैं।

---

## प्रो. समृद्धि खाले द्वारा महिलाओं को आत्मनिर्भरता, उद्यमिता स्टार्टअप, नेटवर्किंग एवं डिजिटल विकास हेतु किया प्रेरित

**ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन**



उज्जैन इनक्यूबेशन सेंटर, जो कि उज्जैन स्मार्ट सिटी का एक प्रमुख फ्लैगशिप प्रोजेक्ट है, द्वारा संचालित अवंति महिला उद्यमिता विकास प्रकोष्ठ के अंतर्गत महिलाओं को आत्मनिर्भरता एवं उद्यमिता की दिशा में प्रोत्साहित करने हेतु एक विशेष प्रेरणादायी संवाद सत्र का आयोजन किया गया। इस पहल का उद्देश्य महिलाओं को प्रशिक्षण, मार्गदर्शन, कौशल विकास, व्यवसाय स्थापना सहयोग तथा आपसी सहभागिता एवं नेटवर्किंग के माध्यम से सशक्त बनाना है, ताकि वे आत्मविश्वास के साथ अपने सपनों को साकार कर सकें।

कार्यक्रम में शिक्षाविद एवं महिला सशक्तिकरण मार्गदर्शक प्रो. समृद्धि खाले ने महिलाओं के साथ प्रेरणादायी संवाद करते हुए उन्हें अपने लक्ष्य एवं संकल्प के प्रति दृढ़ रहने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि यदि व्यक्ति अपने लक्ष्य को प्राप्त करने का निश्चय कर ले, तो उसे निरंतर समर्पण, अनुशासन और सकारात्मक सोच के साथ उसी दिशा में प्रयासरत रहना चाहिए। उन्होंने महिलाओं को प्रेरित करते हुए कहा कि सफलता प्राप्त करने के लिए सकारात्मक एवं प्रेरणादायी लोगों के साथ जुड़ाव अत्यंत आवश्यक है। अच्छे विचारों वाले, ज्ञानवान, प्रेरित एवं प्रगतिशील व्यक्तियों के साथ मजबूत नेटवर्क स्थापित करना जीवन और व्यवसाय दोनों को नई दिशा प्रदान करता है। प्रो. समृद्धि खाले ने अपने संबोधन में यह भी बताया कि वर्तमान समय में सोशल मीडिया, कृत्रिम बुद्धिमत्ता आधारित साधन एवं विभिन्न डिजिटल प्लेटफॉर्म महिलाओं के लिए नए अवसरों के द्वार खोल रहे हैं। इन माध्यमों का सकारात्मक उपयोग कर महिलाएं अपने व्यवसाय, स्टार्टअप एवं सामाजिक संपर्कों का विस्तार कर सकती हैं। उन्होंने कहा कि आज के दौर में नेटवर्क ही नेटवर्थ बन सकता है, इसलिए महिलाओं को ऐसे लोगों एवं समुदायों से निरंतर जुड़े रहना चाहिए, जो उन्हें आगे बढ़ने, सीखने और प्रेरित रहने में सहयोग प्रदान करें।

---

**सड़क चौड़ीकरण की खुदाई में बार-बार क्षतिग्रस्त हो रही पेयजल पाइपलाइन, जल संकट भी गहराया**

# दानीगेट क्षेत्र में नलों से आ रहा गंदा व मटमैला पानी, रहवासी परेशान

**ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन**

वार्ड क्रमांक 22 के दानी गेट क्षेत्र में पेयजल सप्लाई के दौरान नलों से गंदा और मटमैला पानी आने से क्षेत्रवासी परेशान हैं। पिछले कई दिनों से यह समस्या बनी हुई है, लेकिन इसके समाधान के लिए न तो संबंधित अधिकारी गंभीरता दिखा रहे हैं और न ही जनप्रतिनिधियों द्वारा कोई प्रभावी पहल की जा रही है। स्थिति यह है कि लोगों को उपयोग योग्य पानी जुटाने के लिए इधर-उधर भटकना पड़ रहा है, जबकि कई परिवारों को पीने के लिए पानी खरीदने तक की नौबत आ गई है।



दानी गेट क्षेत्र में इन दिनों सड़क चौड़ीकरण का कार्य चल रहा है। क्षेत्र की सड़कों और नालियों की खुदाई के दौरान ठेकेदार की लापरवाही के कारण कई स्थानों पर पेयजल पाइपलाइनें क्षतिग्रस्त हो चुकी हैं। पाइपलाइन फूटने और लीकेज होने से नालियों का गंदा पानी पेयजल लाइन में मिल रहा है, जिसके कारण घरों तक दूषित और मटमैला पानी पहुंच रहा है। रहवासियों का कहना है कि नलों से आने वाला पानी इतना गंदा है कि उसका उपयोग न तो पीने के लिए किया जा सकता है और न ही घरेलू कार्यों के लिए। इस संबंध में कई बार नगर निगम अधिकारियों और क्षेत्रीय पार्षद को शिकायत की जा चुकी है, लेकिन समस्या जस की तस बनी हुई है।

**भीषण गर्मी में बढ़ी परेशानी-** वर्तमान में भीषण गर्मी का दौर चल रहा है, जिससे पानी की खपत सामान्य दिनों की तुलना में अधिक है। ऐसे समय में पाइपलाइन क्षतिग्रस्त होने से कई क्षेत्रों में पर्याप्त मात्रा में पानी नहीं पहुंच पा रहा है। जो पानी पहुंच रहा है, वह भी कई स्थानों पर दूषित और मटमैला है। इससे लोगों को दैनिक जरूरतों के लिए पानी की व्यवस्था करने में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

**जिम्मेदारों की उदासीनता पर उठ रहे सवाल-** क्षेत्रवासियों का कहना है कि शहर में लंबे समय से कई स्थानों पर दूषित पानी की शिकायतें सामने आ रही हैं, लेकिन प्रशासनिक स्तर पर स्थायी समाधान के प्रयास दिखाई नहीं दे रहे हैं। बार-बार पाइपलाइन क्षतिग्रस्त होने और दूषित जलापूर्ति के बावजूद जिम्मेदार अधिकारी और जनप्रतिनिधि समस्या के प्रति उदासीन बने हुए हैं।

### शहर के कई क्षेत्रों में सामने आ चुकी है ऐसी स्थिति

दानी गेट ही नहीं, बल्कि सड़क चौड़ीकरण कार्य के दौरान शहर के अन्य क्षेत्रों में भी पेयजल पाइपलाइन क्षतिग्रस्त होने की घटनाएं सामने आ चुकी हैं। इससे पहले निजातपुरा क्षेत्र में खुदाई के दौरान कई बार पाइपलाइनें फूट चुकी हैं। इसी प्रकार पिपलीनाका क्षेत्र में भी खुदाई के दौरान जलापूर्ति लाइन क्षतिग्रस्त हुई थी।
वहीं बड़नगर रोड स्थित हनुमानगढ़ी के समीप अंबोदिया से आने वाली मुख्य पाइपलाइन फूटने के कारण जल टंकियां समय पर नहीं भर सकी थीं, जिससे कई इलाकों में जलप्रदाय प्रभावित हुआ था।

### दूषित पानी से स्वास्थ्य पर मंडरा रहा खतरा

रहवासियों का कहना है कि नालियों का पानी मिल जाने से जलापूर्ति पूरी तरह दूषित हो रही है। ऐसे पानी के सेवन से जलजनित बीमारियों का खतरा बढ़ गया है। लोगों ने आशंका जताई है कि यदि समय रहते समस्या का समाधान नहीं किया गया तो गंभीर स्वास्थ्य संकट उत्पन्न हो सकता है।

## कांग्रेस शिविर में कार्यकताओं को मिला जीत का नया मंत्र

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

उज्जैन में जिला कांग्रेस कमेटी के दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का समापन हुआ। इस दौरान प्रदेश प्रभारी महेंद्र जोशी ने मंडल अध्यक्षों को 'ग्राम देवता' की तरह काम करने की सीख दी। जोशी ने कहा कि संगठन की वास्तविक ताकत जनता के बीच सक्रिय रहने और उनकी समस्याओं के समाधान से बढ़ती है। उन्होंने जमीनी स्तर पर संगठन को मजबूत करने पर जोर दिया।

एक निजी रिसॉर्ट में आयोजित इस शिविर के दूसरे दिन जोशी ने मंडल अध्यक्षों की भूमिका को संगठन की सबसे महत्वपूर्ण कड़ी बताया। उन्होंने कहा कि मंडल अध्यक्षों को केवल राजनीतिक कार्यक्रमों तक सीमित नहीं रहना चाहिए। इसके बजाय, उन्हें अपने क्षेत्र के लोगों के सुख-दुख में सहभागी बनना चाहिए और उनके साथ सक्रिय रूप से जुड़ना चाहिए। जोशी ने मंडल अध्यक्षों से संगठन के प्रति जवाबदेह रहने और अपने क्षेत्र की हर छोटी-बड़ी गतिविधि पर नजर रखने को कहा। उन्हें जनता के मुद्दों को समझना, उन्हें पार्टी संगठन तक पहुंचाना और समस्याओं को हल करने में मदद करनी चाहिए। प्रदेश प्रभारी ने कार्यकताओं को बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत करने का निर्देश भी दिया।

शिविर में संगठन की मजबूती के साथ-साथ सोशल मीडिया, मतदाता सूची और पार्टी की कनेक्टिविटी व्यवस्था पर भी विस्तृत चर्चा हुई। प्रदेश कांग्रेस आईटी सेल प्रभारी चंचलेश व्यास ने सोशल मीडिया को जनता की आवाज और मुद्दों को प्रभावी ढंग से उठाने का एक महत्वपूर्ण माध्यम बताया। मतदाता सूची के प्रदेश प्रभारी ललित सेन ने बूथ स्तर पर कार्यकताओं की भूमिका और मतदाता सूची से संबंधित समस्याओं को दूर करने की प्रक्रिया समझाई। इस दौरान पंडित जवाहरलाल नेहरू से लेकर मनमोहन सिंह तक, कांग्रेस के सभी प्रधानमंत्रियों द्वारा देश के विकास में दिए गए योगदान पर भी प्रकाश डाला गया। पार्टी की 70 साल की गौरव यात्रा और बांग्लादेश के निर्माण जैसे महत्वपूर्ण ऐतिहासिक तथ्यों का भी जिक्र हुआ। शिविर के दूसरे दिन की शुरूआत कांग्रेस सेवा दल के ध्वजारोहण, वंदे मातरम गायन और राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व बाबासाहेब अंबेडकर के चित्रों पर माल्यार्पण के साथ हुई। समापन सत्र में राष्ट्रगान के बाद, शिविर में भाग लेने वाले सभी 275 पदाधिकारियों और कार्यकताओं को प्रशिक्षण प्रमाण पत्र वितरित किए गए।

## उज्जैन के शिवोहम तिवारी का नेशनल तैराकी के लिए चयन

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

रीवा में आयोजित 54वीं स्टेट ओपन स्विमिंग चैंपियनशिप में उज्जैन के युवा तैराकों ने शानदार प्रदर्शन किया है। 30 मई से 2 जून तक चली इस प्रतियोगिता में उज्जैन के 6 तैराकों ने 19 पदक जीते, जिसमें 2 स्वर्ण, 5 रजत और 12 कांस्य पदक शामिल हैं। इस प्रदर्शन के साथ ही शिवोहम तिवारी का चयन आगामी राष्ट्रीय तैराकी प्रतियोगिता के लिए हो गया है।

प्रतियोगिता में ऋषि नगर निवासी आयबीएस ग्लोबल एकेडमी स्कूल के छात्र शिवोहम ने 6 पदक अपने नाम किए। उन्होंने 100 मीटर और 200 मीटर बटरफ्लाई स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीते, जबकि अन्य स्पधाओं में रजत और कांस्य पदक हासिल किए। उनके इस शानदार प्रदर्शन ने उन्हें राष्ट्रीय प्रतियोगिता में मध्य प्रदेश और उज्जैन का प्रतिनिधित्व करने का अवसर दिलाया है। उज्जैन की तैराक जुनीना हुसैन ने भी पांच पदक जीतकर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। उन्होंने 400 मीटर इंडिविजुअल मेडले, 800 मीटर फ्री स्टाइल और 1500 मीटर फ्री स्टाइल जैसी चुनौतीपूर्ण स्पधाओं में रजत पदक जीते। इसके अतिरिक्त, आध्या राय ने बैकस्ट्रोक स्पर्धा में पदक हासिल किए और समर्थ गेहलोत ने भी कांस्य पदक जीतकर टीम की सफलता में योगदान दिया। अन्य खिलाड़ियों ने भी विभिन्न स्पधाओं में पदक जीतकर उज्जैन की झोली भरने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। शिवोहम के राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए चयन को उज्जैन की तैराकी के लिए एक बड़ी उपलब्धि माना जा रहा है। उनके पिता ओमप्रकाश तिवारी ने बताया कि शिवांश पूरे वर्ष अनुशासित तरीके से अभ्यास करते हैं। शिवोहम ने बताया कि लगातार रेस होने के कारण उन्हें काफी थकान महसूस हो रही थी, लेकिन उन्होंने अपने लक्ष्य पर ध्यान केंद्रित करते हुए हर स्पर्धा में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन का प्रयास किया। वर्तमान में शिवांश कक्षा 10वीं उत्तीर्ण कर 11वीं में प्रवेश ले चुके हैं और पढ़ाई तथा खेल के बीच संतुलन बनाते हुए अपने अगले लक्ष्य की तैयारी में जुटे हैं।

## रेल सुविधाओं के विस्तार की मांग को लेकर क्षेत्रवासियों स्टेशन अधीक्षक को ज्ञापन सौंपा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ पिपलिया मंडी

पिपलिया रेलवे स्टेशन पर यात्री ट्रेनों के ठहराव सहित विभिन्न रेल सुविधाओं के विस्तार की मांग को लेकर क्षेत्रवासियों में लगातार असंतोष बढ़ता जा रहा है।

रेल सुविधा विस्तार समिति पदाधिकारी व क्षेत्र के नागरिक पिपलिया स्टेशन से जुड़ी कई महत्वपूर्ण समस्याओं के निराकरण की मांग को लेकर शुक्रवार को नारेबाजी करते हुए रेलवे स्टेशन पहुंचे। जहां स्टेशन अधीक्षक चन्द्र शेखर गुर्जर को मंडल रेल प्रबंधक, रतलाम के नाम विस्तृत ज्ञापन सौंपा। समिति पदाधि कारियों ने बताया कि पिपलिया रेलवे स्टेशन तहसील मल्हारगढ़ एवं आसपास के दर्जनों गांवों के लिए प्रमुख रेल संपर्क केंद्र है। प्रतिदिन हजारों की संख्या में किसान, व्यापारी, विद्यार्थी, कर्मचारी एवं श्रमिक इस स्टेशन से यात्रा करते हैं। कृषि उपज के परिवहन, व्यापारिक गतिविधियों, शिक्षा, रोजगार एवं अन्य आवश्यक कार्यों के लिए क्षेत्र की बड़ी आबादी इस स्टेशन पर निर्भर है। इसके बावजूद स्टेशन पर कई आवश्यक सुविधाओं का अभाव बना हुआ है, जिससे यात्रियों को लगातार परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। समिति ने ज्ञापन में प्रमुख रूप से उज्जैन-चित्तौड़गढ़-उज्जैन (वाया फतेहाबाद) मेमू ट्रेन, काचीगुड़ा-भगत की कोठी एक्सप्रेस तथा इंदौर-बीकानेर साप्ताहिक एक्सप्रेस का पिपलिया स्टेशन पर ठहराव सुनिश्चित करने की मांग की है। समिति का कहना है कि इन ट्रेनों का ठहराव नहीं होने से क्षेत्र के यात्रियों को इनका लाभ नहीं मिल पा रहा है और उन्हें अन्य स्टेशनों तक जाकर ट्रेन पकड़नी पड़ती है। ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया है कि रतलाम-चित्तौड़गढ़ रेलखंड से दिल्ली के लिए कोई सीधी रेल सेवा उपलब्ध नहीं है। इसके कारण यात्रियों को रतलाम अथवा चित्तौड़गढ़ जाकर ट्रेन बदलनी पड़ती है।

# महाकाल मंदिर में प्रोटोकॉल दर्शन बंद करने की मांग, अखिल भारतीय मंदिर मठ सनातन धर्म मोर्चा ने सीएम को लिखा पत्र

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

महाकाल मंदिर में भस्म आरती के दौरान नंदी हॉल में वीआईपी श्रद्धालुओं को मिलने वाली प्रोटोकॉल व्यवस्था समाप्त करने की मांग को लेकर अखिल भारतीय मंदिर मठ सनातन धर्म मोर्चा ने प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री को पत्र लिखा है।

अखिल भारतीय मंदिर मठ सनातन धर्म मोर्चा के अध्यक्ष किशोर कुशवाह ने महाकाल मंदिर समिति से मांग की है कि मंदिर में प्रोटोकॉल व्यवस्था समाप्त की जाए। उन्होंने कहा कि प्रोटोकॉल के नाम पर वर्षभर प्रत्येक सोमवार, शिवरात्रि सहित विभिन्न त्योहारों और पर्वों पर कई बार विशेष अनुमति देकर लोगों को भस्म आरती में बैठने की सुविधा दी जाती है। इससे आम भक्तों के सनातन अधिकारों पर कुठाराघात हो रहा है।

### जब कोई दान नहीं देते को आवभगत क्यों

अध्यक्ष कुशवाह ने उन्होंने रोजाना आने वाले सेलिब्रिटी और उन्हें मिलने वाली प्रोटोकॉल व्यवस्था पर भी सवाल उठाए। उनका कहना है कि महाकाल मंदिर समिति प्रोटोकॉल के तहत उन्हें विशेष दर्शन,



स्वागत और अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराती है, जबकि उन्होंने मंदिर को कोई विशेष दान नहीं दिया है। ऐसे में उन्हें यह विशेष महत्व क्यों दिया जा रहा है। कुशवाह ने कहा कि पूर्व में 25 आम भक्तों को नंदी हॉल में बैठने की सुविधा दी जाती थी, जो श्रद्धालुओं के सम्मान में अच्छी व्यवस्था थी। हालांकि, वीआईपी और सेलिब्रिटी को प्राथमिकता देने के कारण यह व्यवस्था बंद कर दी गई, जो निंदनीय है। अखिल भारतीय मंदिर मठ सनातन धर्म मोर्चा ने प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री को पत्र भेजकर मांग की है कि महाकाल मंदिर समिति की भस्म आरती, नंदी हॉल और अन्य आरतियों में लागू विशेषाधिकार वाली व्यवस्था समाप्त की जाए। साथ ही देश के सभी मंदिरों में प्रोटोकॉल व्यवस्था खत्म कर आम सनातन भक्तों के सम्मान को प्राथमिकता दी जाए।

### विधायक महेश परमार का चिलम तंबाकू गाने पर डांस

## उज्जैन कांग्रेस शिविर में जीतू पटवारी बोले- दुपट्टा पहले रखो, बीजेपी षड्यंत्र करती है

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

उज्जैन के देवास रोड स्थित दताना के एक रिसोर्ट में गुरुवार-शुक्रवार को आयोजित जिला कांग्रेस कमेटी के दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का एक वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। वीडियो में कांग्रेस विधायक महेश परमार अपने समर्थकों के बीच घिरे हुए डांस करते नजर आ रहे हैं। उनके साथ कांग्रेस शहर अध्यक्ष मुकेश भाटी भी ठुमके लगाते दिखाई दे रहे हैं।



कांग्रेस संगठन को मजबूत करने के उद्देश्य से यह दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया गया था। शिविर में 275 ब्लॉक अध्यक्ष, मंडलम अध्यक्ष, विधानसभा प्रभारी, जिला प्रभारी सहित कांग्रेस कार्यकर्ता शामिल हुए। सभी नेताओं और कार्यकताओं के रात्रि विश्राम की व्यवस्था भी रिसोर्ट में ही की गई थी। बताया जा रहा है कि वायरल वीडियो रिसोर्ट का ही है, जिसे करीब 24 घंटे पहले ह्यआरिफ अलीह्ल नाम की इंस्टाग्राम आईडी से शेयर किया गया था। वायरल वीडियो में विधायक महेश परमार पार्टी के माहौल में अपने समर्थकों के साथ डांस करते दिखाई दे रहे हैं। इस दौरान वह ह्यइमली का बूटा बेरी का पेड़ह्ल, ह्यइस जंगल में हम दो शेरह्ल, ह्यफस गई जल मछलीह्ल और ह्यचिलम तंबाकू का डिब्बाह्ल जैसे गानों पर थिरकते नजर आए। उनकी डांस स्टाइल देखकर कई कार्यकर्ता भी उनके साथ झूमते दिखाई दिए। विधायक और शहर अध्यक्ष का यह वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है।

इधर कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी का भी एक वीडियो सामने आया है। वीडियो में उज्जैन प्रशिक्षण शिविर में पहुंचने के दौरान कुछ लोग उन्हें भगवान महाकाल के नाम वाला दुपट्टा पहनाते दिखाई दे रहे हैं। हालांकि इस बार पटवारी ने तुरंत दुपट्टा निकालकर अपने सुरक्षाकर्मी को सौंप दिया। वीडियो में वह यह कहते भी सुनाई दे रहे हैं कि ह्यइसको पहले रखो, ये बीजेपी वाले षड्यंत्र करते हैं।

## महाकाल महालोक में होगा अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का मुख्य आयोजन:हजारों लोग करेंगे योग

### जनप्रतिनिधियों और प्रशासनिक अधिकारियों की होगी बैठक

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

विश्व योग दिवस पर इस बार उज्जैन में मुख्य आयोजन महाकाल महालोक में होगा। 21 जून को आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम को भव्य और दिव्य स्वरूप देने की तैयारियां जिला प्रशासन और महाकाल मंदिर समिति ने शुरू कर दी हैं। कार्यक्रम में हजारों लोगों के शामिल होने की संभावना जताई जा रही है।

उज्जैन कलेक्टर रोशन कुमार सिंह ने बताया कि मुख्यमंत्री मोहन यादव के निर्देश पर अंतरराष्ट्रीय योग दिवस को विशेष रूप से आयोजित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि उज्जैन आदि योगी भगवान शिव की नगरी है, इसलिए इस बार का मुख्य कार्यक्रम श्री महाकाल महालोक में प्रस्तावित किया गया है।

कलेक्टर के मुताबिक कार्यक्रम की रूपरेखा तय करने के लिए जल्द ही जनप्रतिनिधियों और प्रशासनिक अधिकारियों के साथ बैठक आयोजित की जाएगी। उद्देश्य यह है कि योग के माध्यम से स्वस्थ जीवनशैली और आध्यात्मिक चेतना का संदेश देश-दुनिया तक पहुंचे।

उन्होंने कहा कि जब महाकाल की ऊर्जा और आध्यात्मिक वातावरण के बीच हजारों लोग एक साथ योग करेंगे, तो यह केवल शारीरिक व्यायाम नहीं रहेगा, बल्कि आत्मा, मन और चेतना के संतुलन का वैश्विक संदेश बनेगा। इस आयोजन के जरिए महाकाल महालोक की आध्यात्मिक पहचान भी पूरी दुनिया तक पहुंचेगी।

## बही चौपाटी पर शहीद किसानों को दी श्रद्धांजलि

**मंदसौर।** संयुक्त किसान मोर्चा के तत्वावधान में बही चौपाटी पर एक श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इसमें वर्ष 2017 के किसान आंदोलन के दौरान अपने हक की लड़ाई लड़ते हुए शहीद हुए छह अन्नदाता किसानों अभिषेक, पूनमचंद, चेनराम, सत्यनारायण, कन्हैयालाल एवं घनश्याम के बलिदान को याद किया गया। किसान नेता महेश व्यास लदुसा ने शहीद किसानों के बलिदान को याद करते हुए कहा कि 6 जून 2017 को किसानों पर पुलिस ने बर्बरतापूर्वक गोली चलाई थी, लेकिन इस घटना के दोषियों पर आज तक कोई कार्रवाई नहीं की गई। उन्होंने भाजपा और कांग्रेस दोनों दलों को किसान विरोधी बताते हुए कहा कि किसी भी सरकार ने जैन आयोग की रिपोर्ट को सार्वजनिक नहीं किया। साथ ही मांग की गई कि किसानों की उपज का न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) गारंटी कानून बनाया जाए तथा सभी फसलों की एमएसपी से नीचे खरीदी करने वालों पर आपराधिक प्रकरण दर्ज किए जाएं। इसके साथ ही किसान कर्ज माफी योजना से वंचित रहे किसानों का संपूर्ण कर्ज माफ करने, कृषि उपज मंडियों में किसानों की पहचान सुनिश्चित करने ताकि बिचौलियों द्वारा नकली किसान बनकर उपज न बेची जा सके, और बाजारों में नकली खाद व कृषि दवाइयों की बिक्री को तुरंत रोकने की मांग की गई।

## 12 दिनों में 21 लाख श्रद्धालुओं ने किए महाकाल के दर्शन

### नौतपा और भीषण गर्मी के बावजूद उमड़ी आस्था, जून में रोज 1 लाख से ज्यादा श्रद्धालु पहुंच रहे

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

उज्जैन स्थित श्री महाकालेश्वर मंदिर में 20 मई से 31 मई के बीच 12 दिनों में 21.15 लाख से ज्यादा श्रद्धालुओं ने भगवान महाकाल के दर्शन किए। इस दौरान शनिवार और रविवार को सबसे ज्यादा भीड़ दर्ज की गई। यह वक्त नौतपा का भी रहा था।

मंदिर प्रशासन के अनुसार, 12 दिनों में कुल 21,15,543 श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंचे। अधिकांश दिनों में श्रद्धालुओं की संख्या डेढ़ लाख से अधिक रही। सबसे अधिक भीड़ रविवार 24 मई को रही, जब 2,46,776 श्रद्धालुओं ने दर्शन किए। वहीं सोमवार 25 मई को 1,96,480 और शनिवार 23 मई को 1,95,106 भक्त मंदिर पहुंचे। इधर, जून के पहले हफ्ते में भी करीब 1 लाख से ज्यादा



भक्त आ रहे हैं।

श्रद्धालुओं की बढ़ती संख्या को देखते हुए मंदिर प्रशासन ने दर्शन व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए विशेष व्यवस्थाएं की हैं। प्रमुख मार्गों पर शेड, मैटिंग और पेयजल की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। साथ ही गर्मी से राहत देने के लिए मंदिर परिसर और दर्शन मार्गों पर मिस्ट सिस्टम तथा हीट-प्रूफ पाथ तैयार किए गए हैं।

### कलेक्टर ने भी परखी व्यवस्थाएं

कुछ दिन पहले उज्जैन कलेक्टर रोशन कुमार सिंह ने मंदिर प्रशासक प्रथम कौशिक के साथ आम श्रद्धालु की तरह कतार में लगकर व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया था। उन्होंने श्रद्धालुओं से बातचीत कर सुविधाओं और व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी भी ली।

### 1200 सीसीटीवी कैमरों से निगरानी

सुरक्षा और भीड़ प्रबंधन के लिए कंट्रोल रूम से करीब 1200 सीसीटीवी कैमरों के जरिए 24 घंटे निगरानी की जा रही है। किसी भी आपात स्थिति या अव्यवस्था की सूचना मिलने पर संबंधित टीम को तुरंत अलर्ट कर कार्रवाई की जाती है। मंदिर परिसर में मेडिकल टीम और सुरक्षाकर्मी भी लगातार तैनात हैं।


### जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सुचित किया जाता है कि अल्लानुर खान जाति पिंजारा कृषक श्यामपुरा तहसील सुसनेर जिला आगर मालवा म.प्र. की मालिक व कब्जे की भुमि जो की ग्राम श्यामपुरा तहसील सुसनेर जिला आगर मालवा में सर्वे न. 66 रकबा 1.700, कुल किता 01 कुल रकबा 1.700 हैक्टेयर भूमि राजस्व रिकार्ड में दर्ज है।

मेरे पक्षकार ने उक्त भुमि क्रय करने का सोदा कर बयाना की राशी भी विक्रेता को अदा कर दी गई है उक्त भुमि जो मेरे पक्षकार दवारा क्रय किजा रही है किसी भी व्यक्ति संस्था फर्म बैंक या अन्य किसी वित्तीय संस्था का कोई स्वत्वहित अधिपत्य, बंधक, जमानत, या अन्य प्रकार का भार है या किसी के पास अंतरण की हुई हो या किसी भी व्यक्ति संस्था फर्म बैंक या अन्य किसी वित्तीय संस्था का कोई स्वत्व आपत्ति हो तो वह इस जाहिर सुचना प्रकाशन के 07 दिवस के अंदर मय आपप्ति प्रमाण सहित मेरे कार्यालय में आकर मिले उक्त अवधि के पश्चात किसी की कोई आपत्ति मान्य नही की जावेगी व उक्त अवधि के पश्चात किसी की कोई आपत्ति मान्य नही की जावेगी व उक्तभुमि का विक्रय पत्र विधिवत पंजीयन करवा लिया जावेगा सो सुचित हो । इति दिंनाक :-06/06/2026

**केशव शास्त्री अधिवक्ता**
**सुसनेर डाक बंगला रोड सुसनेर**
**मोबा. 8269266222, 8251026461**

### जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सुवित किया जाता है कि दिनेश पाटीदार जाति कुल्मी कृषक श्यामपुरा तहसील सुसनेर जिला आगर मालवा म.प्र. की मालिक व कब्जे की भुमि जो की ग्राम श्यामपुरा तहसील सुसनेर जिला आगर मालवा में सर्वे न. 165 रकबा 0.360, 172/2 रकबा 0.290, 220 रकबा 0.800, 242 रकबा 0.430, 254 रकबा 0.170, 43/1/1 रकबा 0.200, 45 रकबा 0.450, 70/1 रकबा 0.960, 98/3 रकबा 0.300, 79/2 रकबा 1.330, 224/1 रकबा 0.910, 224/2 रकबा 0.810, कुल किता 11 कुल रकबा 6.200 हैक्टेयर भुमि राजस्व रिकार्ड में दर्ज है।

मेरे पक्षकार ने उक्त भुमि क्रय करने का सौदा कर बयाना की राशी भी विक्रेता को अदा कर दी गई है उक्त भुमि जो मेरे पक्षकार द्वारा क्रय कि जा रही है किसी भी व्यक्ति संस्था फर्म बैंक या अन्य किसी वित्तीय संस्था का कोई स्वत्वहित अधिपत्य, बंधक, जमानत, या अन्य प्रकार का भार है या किसी के पास अंतरण की हुई हो या किसी भी व्यक्ति संस्था फर्म बैंक या अन्य किसी वित्तीय संस्था का कोई स्वत्व आपत्ति हो तो वह इस जाहिर सुचना प्रकाशन के 07 दिवस के अंदर मय आपत्ति प्रमाण सहित मेरे कार्यालय में आकर मिले उक्त अवधि के पश्चात किसी की कोई आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी व उक्त अवधि के पश्चात किसी की कोई आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी व उक्त भुमि का विक्रय पत्र विधिवत पंजीयन करवा लिया जावेगा सो सुचित हो । इति दिनाक :-05/06/2026

**केशव शास्त्री अधिवक्ता**
**सुसनेर डाक बंगला रोड सुसनेर**
**मोबा. 8269266222, 8251026461**

### जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सुचित किया जाता है कि ब्रजेश पाटीदार जाति कुल्मी कृषक श्यामपुरा तहसील सुसनेर जिला आगर मालवा म.प्र. की मालिक व कब्जे की भुमि जो की ग्राम श्यामपुरा तहसील सुसनेर जिला आगर मालवा में सर्वे न. 38 रकबा 0.900, 60/3 रकबा 0.780, 222 रकबा 0.250, 136/1 रकबा 0.590, 203/2 रकबा 0.750, 203/3 रकबा 0.860 कुल किता 06 कुल रकबा 4.13 हैक्टेयर भुमि राजस्व रिकार्ड में दर्ज है। मेरे पक्षकार ने उक्त भूमि क्रय करने का सौदा कर बयाना की राशी भी विक्रेता को अदा कर दी गई है उक्त भुमि जो मेरे पक्षकार द्वारा क्रय कि जा रही है किसी भी व्यक्ति संस्था फर्म बैंक या अन्य किसी वित्तीय संस्था का कोई स्वत्वहित अधिपत्य, बंधक, जमानत, या अन्य प्रकार का भार है या किसी के पास अंतरण की हुई हो या किसी भी व्यक्ति संस्था फर्म बैंक या अन्य किसी वित्तीय संस्था का कोई स्वत्व आपत्ति हो तो वह इस जाहिर सुचना प्रकाशन के 07 दिवस के अंदर मय आपत्ति प्रमाण सहित मेरे कार्यालय में आकर मिले उक्त अवधि के पश्चात किसी की कोई आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी व उक्त अवधि के पश्चात किसी की कोई आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी व उक्त भुमि का विक्रय पत्र विधिवत पंजीयन करवा लिया जावेगा सो सुचित हो । इति दिनाक :-06/06/2026

**केशव शास्त्री अधिवक्ता**
**सुसनेर डाक बंगला रोड सुसनेर**
**मोबा. 8269266222, 8251026461**

### जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सुचित किया जाता है कि प्रबल जैन जाति जैन कृषक श्यामपुरा तहसील सुसनेर जिला आगर मालवा म.प्र. की मालिक व कब्जे की भुमि जो की ग्राम श्यामपुरा तहसील सुसनेर जिला आगर मालवा में सर्वे न. 169/2/1 रकबा 0.400, 203/1/2 रकबा 6.750 कुल किता 02 कुल रकबा 7.15 हैक्टेयर भुमि राजस्व रिकार्ड में दर्ज है।

मेरे पक्षकार ने उक्त भुमि क्रय करने का सोदा कर बयाना की राशी भी विक्रेता को अदा कर दी गई है उक्त भुमि जो मेरे पक्षकार दवारा क्रय किजा रही है किसी भी व्यक्ति संस्था फर्म बैंक या अन्य किसी वित्तीय संस्था का कोई स्वत्वहित अधिपत्य, बंधक, जमानत, या अन्य प्रकार का भार है या किसी के पास अंतरण की हुई हो या किसी भी व्यक्ति संस्था फर्म बैंक या अन्य किसी वित्तीय संस्था का कोई स्वत्व आपत्ती हो तो वह इस जाहिर सुचना प्रकाशन के 07 दिवस के अंदर मय आपत्ति प्रमाण सहित मेरे कार्यालय मे आकर मिले उक्त अवधि के पश्चात किसी की कोई आपत्ति मान्य नही की जावेगी व उक्त अवधि के पश्चात किसी की कोई आपत्ति मान्य नही की जावेगी व उक्तभुमि का विक्रय पत्र विधिवत पंजीयन करवा लिया जावेगा सो सुवित हो । इति दिंनाक : 06/06/2026

**केशव शास्त्री अधिवक्ता**
**सुसनेर डाक बंगला रोड सुसनेर**
**मोबा. 8269266222, 8251026461**

### जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सुचित किया जाता है कि राकेश राठौर जाति तेली कृषक श्यामपुरा तहसील सुसनेर जिला आगर मालवा म.प्र. की मालिक व कब्जे की भुमि जो की ग्राम श्यामपुरा तहसील सुसनेर जिला आगर मालवा में सर्वे न. 99 रकबा 1.850, 323 रकबा 0.190 कुल किता 02 कुल रकबा 2.04 हैक्टेयर भुमि राजस्व रिकार्ड में दर्ज है।

मेरे पक्षकार ने उक्त भुमि कय करने का सोदा कर बयाना की राशी भी विक्रेता को अदा कर दी गई है उक्त भुमि जो मेरे पक्षकार दवारा क्रय किजा रही है किसी भी व्यक्ति संस्था फर्म बैंक या अन्य किसी वित्तीय संस्था का कोई स्वत्वहित अधिपत्य, बंधक, जमानत, या अन्य प्रकार का भार है या किसी के पास अंतरण की हुई हो या किसी भी व्यक्ति संस्था फर्म बैंक या अन्य किसी वित्तीय संस्था का कोई स्वत्व आपत्ति हो तो वह इस जाहिर सुचना प्रकाशन के 07 दिवस के अंदर मय आपत्ति प्रमाण सहित मेरे कार्यालय मे आकर मिले उक्त अवधि के पश्चात किसी की कोई आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी व उक्त अवधि के पश्चात किसी की कोई आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी व उक्तभुमि का विक्रय पत्र विधिवत पंजीयन करवा लिया जावेगा सो सुचित हो । इति दिनाक:-06/06/2026

**केशव शास्त्री अधिवक्ता**
**सुसनेर डाक बंगला रोड सुसनेर**
**मोबा. 8269266222, 8251026461**

### जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सुचित किया जाता है कि गुड्डीबाई जाति तेली कृषक श्यामपुरा तहसील सुसनेर जिला आगर मालवा म.प्र. की मालिक व कब्जे की भुमि जो की ग्राम श्यामपुरा तहसील सुसनेर जिला आगर मालवा में सर्वे न. 72/2 रकबा 0.500, 108 रकबा 0.950, 167 रकबा 1.060, 169/2/2 रकबा 0.600, 69/5/1 रकबा 0.060, 69/5/2 रकबा 0.070, 340/5/1 रकबा 0.060, 340/5/2 रकबा 0.060, 69/3 रकबा 0.180, 340/3 रकबा 0.410, 69/4 रकबा 0.140, 340/4 रकबा 0.120 कुल किता 12 कुल रकबा 4.21 हैक्टेयर भूमि राजस्व रिकार्ड में दर्ज है। मेरे पक्षकार ने उक्त भुमि क्रय करने का सोदा कर बयाना की राशी भी विक्रेता को अदा कर दी गई है उक्त भुमि जो मेरे पक्षकार दवारा क्रय किजा रही है किसी भी व्यक्ति संस्था फर्म बैंक या अन्य किसी वित्तीय संस्था का कोई स्वत्वहित अधिपत्य, बंधक, जमानत, या अन्य प्रकार का भार है या किसी के पास अंतरण की हुई हो या किसी भी व्यक्ति संस्था फर्म बैंक या अन्य किसी वित्तीय संस्था का कोई स्वत्व आपत्ति हो तो वह इस जाहिर सुचना प्रकाशन के 07 दिवस के अंदर मय आपत्ति प्रमाण सहित मेरे कार्यालय मे आकर मिले उक्त अवधि के पश्चात किसी की कोई आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी व उक्त अवधि के पश्चात किसी की कोई आपत्ति मान्य नही की जावेगी व उक्तभुमि का विक्रय पत्र विधिवत पंजीयन करवा लिया जावेगा सो सुवित हो। इति दिनाकः-06/06/2026

**केशव शास्त्री अधिवक्ता**
**सुसनेर डाक बंगला रोड सुसनेर**
**मोबा. 8269266222, 8251026461**

## खादी बोर्ड अध्यक्ष ने कम्बल केन्द्र एवं खादी ग्रामोद्योग का किया निरीक्षण

मंदसौर। मध्य प्रदेश खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड के अध्यक्ष पंकज जोशी ने मंदसौर स्थित कम्बल केन्द्र एवं खादी ग्रामोद्योग एम्पोरियम का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अध्यक्ष श्री जोशी ने कहा कि खादी उद्योग को बढ़ावा देने के लिए पब्लिक-प्राइवेट पार्टनरशिप (पीपीपी) मोड पर दुकानों का संचालन किया जाएगा। इससे निजी क्षेत्र की भागीदारी बढ़ेगी और खादी उत्पादों का व्यापक प्रचार-प्रसार हो सकेगा। उन्होंने कहा कि आमजन को सस्ती एवं गुणवत्तापूर्ण खादी सामग्री उपलब्ध कराने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। श्री जोशी ने कम्बल केन्द्र में तैयार हो रहे कम्बलों की गुणवत्ता का बारीकी से अवलोकन किया तथा हैंडलूम, मिलिंग मशीन, बॉयलर मशीन एवं मॉडिफाई चरखे का निरीक्षण किया। इसके पश्चात उन्होंने खादी वस्तुओं के विक्रय भंडार एवं दुकानों का भ्रमण कर उपलब्ध उत्पादों की विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने उपस्थित अधिकारियों को खादी उत्पादों के व्यापक प्रचार-प्रसार के लिए आवश्यक निर्देश भी जारी किए।

## किक बॉक्सिंग चौंपियनशिप में कृति सेठिया ने बढ़ाया मध्य प्रदेश का गौरव

मंदसौर। एसीडी मार्शल आर्ट्स की होनहार खिलाड़ी कृति सेठिया ने जूनियर नेशनल किक बॉक्सिंग चौंपियनशिप में मध्य प्रदेश की टीम का प्रतिनिधित्व करते हुए उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इस राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता का आयोजन ओडिशा के खोरधा स्थित के.टी. ग्लोबल स्कूल में किया गया था, जिसमें देश भर के कोने-कोने से आए सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया और अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कृति सेठिया की प्रशिक्षण संस्था एसीडी मार्शल आर्ट्स - स्पोर्ट्स क्लब के हेड कोच आदित्य चनाल ने इस सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि कृति ने अपने निरंतर अभ्यास और खेल के प्रति निष्ठा से यह मुकाम हासिल किया है।

## लायंस क्लब गोल्ड मन्दसौर के मनोज मित्तल बने अध्यक्ष

मंदसौर। लायंस क्लब मंदसौर गोल्ड के आगामी सत्र वर्ष 2026-27 के लिए नवीन कार्यकारिणी का गठन सर्वसम्मति से किया गया है। नई टीम में लायन मनोज मित्तल को अध्यक्ष, लायन रितेश गर्ग को सचिव तथा लायन वीरेंद्र सिंह चौहान को कोषाध्यक्ष मनोनीत किया गया है। वर्तमान अध्यक्ष संजय पारीख और सचिव प्रतीक शर्मा ने बताया कि कार्यकारिणी में राजेश आचार्य को प्रथम उपाध्यक्ष, पंकज सुराणा को द्वितीय उपाध्यक्ष, अमित जैन को जॉइंट सेक्रेटरी, प्रवीण नागर को टेमर, किशोर अग्रवाल को टेल ट्विस्टर और विनोद उकावत को पीआरओ बनाया गया है। बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स में आशीष गुप्ता, रामगोपाल गुप्ता, प्रतीक शर्मा, सीए रितेश पारीख, संदीप जैन और मनोज सेवानी जैसे वरिष्ठ सदस्यों को शामिल किया गया है।

## आंगनवाड़ी केंद्र पर बच्चों को दिए सूखे राशन की कीट

पिपलिया मंडी । मध्य शासन के निर्देशानुसार महिला बाल विकास विभाग द्वारा पिपलिया मंडी के आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 7 पर गर्मी में बच्चों की 1 जून से 15 जून तक छुट्टी के दौरान क्रञ्शव योजना के तहत 15 दिन का सुख राशन 3 से 6 वर्ष के बच्चे 6 माह से 3 वर्ष के बच्चे एवं गर्भवती धात्रीयो को वितरित किया गया ।आयोजित कार्यक्रम में वार्ड पार्षद माया भूपेन्द्र महावर आंगनबाड़ी कार्यकर्ता ललिता गहलोत,सहायिका माया खींची सहित वार्ड की महिलाएं व बच्चे उपस्थित रहे।

## परिवारों में सहनशीलता होना जरूरी-स्वामी सत्यव्रत चैतन्य

मंदसौर। खानपुरा स्थित केशव सत्संग भवन में पुरुषोत्तम मास के उपलक्ष्य में आयोजित रामचरितमानस कथा के छटे दिन पूज्य पाद स्वामी श्री सत्यव्रत चैतन्य जी (नर्मदा तट) ने राम वनवास और भरत के त्याग के प्रसंग का वाचन करते हुए स्वामी जी ने कहा कि रामायण हमें सिखाती है कि भाई-भाई का रिश्ता कैसा होना चाहिए और पिता के वचनों का मान कैसे रखा जाता है। उन्होंने आज के आधुनिक समाज पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि वर्तमान समय में परिवारों में त्याग और प्रेम समाप्त हो गया है और उसकी जगह स्वार्थ ने ले ली है, यही कारण है कि आज परिवार टूट रहे हैं। स्वामी जी ने सीख दी कि किसी भी परिवार को सुखी और एकजुट रखने के लिए मन मारना पड़ता है और सहनशील होना पड़ता है, क्योंकि स्नेह और त्याग के बिना परिवार नहीं चल सकते। कथा के दौरान उन्होंने भगवान राम और निषादराज की अनूठी और निस्वार्थ मित्रता का प्रसंग भी सुनाया। यह कथा आगामी 15 जून तक प्रतिदिन सुबह 8.30 बजे से 10 बजे तक जारी रहेगी।

## पौधारोपण के साथ उसकी देखभाल भी करें-एसपी व्यास

नीमच। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर नगर समस्या सुझाव ग्रुप (एनएसएसजी) द्वारा पुलिस कंट्रोल रूम परिसर में पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित पुलिस अधीक्षक राजेश व्यास ने पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए कहा कि प्रकृति में वृक्षों का स्थान अत्यंत महत्वपूर्ण है।उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को अधिक से अधिक पौधारोपण कर उनकी नियमित देखभाल करनी चाहिए।

## निर्माणाधीन सीमेंट फैक्ट्री गोल्ड क्रेस्ट पर नाले में खंभे गाड़ने का आरोप

नीमच । जिले में निमार्णाधीन गोल्ड क्रेस्ट फैक्ट्री एक बार फिर विवाद खड़ा हो गया है। ग्रामीणों और किसानों ने फैक्ट्री निर्माण कार्य के दौरान शासकीय नाले एवं सार्वजनिक जल निकासी मार्ग से जुड़ी भूमि पर हस्तक्षेप किए जाने के आरोप लगाए हैं। वहीं फैक्ट्री प्रबंधन ने आरोपों को निराधार बताते हुए कहा है कि निर्माण कार्य सभी आवश्यक अनुमतियों एवं नियमों के अनुरूप किया जा रहा है। ग्रामीणों के अनुसार खसरा के शासकीय नाले के क्षेत्र में खुदाई कर विद्युत पोल लगाने का कार्य किया जा रहां है। उनका कहना है कि यदि सार्वजनिक जल निकासी मार्ग पर निर्माण गतिविधियां होती हैं तो भविष्य में जल निकासी व्यवस्था प्रभावित हो सकती है। ग्रामीणों ने मामले की जांच कर वास्तविक स्थिति स्पष्ट करने की मांग की है। फैक्ट्री के अधिकारी दिनेश पांडे ने बताया कि निर्माण कार्य का कोई भी हिस्सा बिना अनुमति के नहीं किया जा रहा है।

# पर्यावरण संरक्षण के लिए 30 सितम्बर तक चलेगा विशेष अभियान

ब्रह्मास्त्र ›› रतलाम



प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस पर पौधा रोपित कर भारत सरकार का जन एवं समुदायिक सहयोग से “एक पेड़ माँ के नाम” राष्ट्रव्यापी अभियान का शुभारंभ किया गया था। इस वर्ष यह अभियान 5 जून से 30 सितम्बर तक व्यापक रूप से प्रदेश में आयोजित किया जा रहा है।

जिले में विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर आज शासकीय कार्यालयो में अधिकारियों, कर्मचारियों द्वारा पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया गया। जिला स्तर पर नगर पालिक निगम रतलाम द्वारा मानस भवन बगीचे में “एक पेड़ माँ के नाम” अभियान के तहत पौधारोपण एवं पर्यावरण जन-जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। परिसर में अतिथियों द्वारा पौधारोपण किया गया एवं संरक्षण का संकल्प लिया गया। पौधारोपण कार्यक्रम में जिला उपाध्यक्ष श्री प्रदीप उपाध्याय ने संबोधित करते हुए कहा कि आज जिले के 1319 बूथों पर सांकेतिक रूप से पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किए गए हैं तथा आगामी एक माह तक यह अभियान जारी रहेगा। प्रत्येक कार्यकर्ता को लगाए गए पौधे की देखरेख और उसे वृक्ष बनाने की जिम्मेदारी दी गई है। उन्होंने नागरिकों से भी अपने घरों और आसपास उपलब्ध स्थानों पर पौधे लगाने, उनकी सुरक्षा करने तथा नियमित रूप से देखभाल करने की अपील की। कार्यक्रम में उद्यान विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा किए जा रहे प्रयासों की सराहना करते हुए नागरिकों से पर्यावरण संरक्षण, जल स्रोतों की सुरक्षा तथा हरित विकास के लिए सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया ।

कार्यक्रम में नगर निगम अध्यक्ष श्रीमती मनीषा शर्मा ने उद्बोधन में कहा कि केवल पौधारोपण करना पर्याप्त नहीं है, बल्कि लगाए गए पौधों का संरक्षण, देखभाल और उन्हें वृक्ष के रूप में विकसित करना भी सभी की जिम्मेदारी है।

उन्होंने प्रधानमंत्री के आह्वान पर चलाए जा रहे “एक पेड़ माँ के नाम” अभियान से अधिक से अधिक लोगों को जुड़ने का आह्वान करते हुए कहा कि पौधारोपण तभी सार्थक होगा जब लगाए गए पौधों की नियमित देखभाल की जाए। वृक्षों की संख्या बढ़ने से पर्यावरण संतुलित रहता है और तापमान नियंत्रित करने में मदद मिलती है। जल और वृक्ष दोनों ही मानव जीवन के आधार हैं। जल का अनावश्यक अपव्यय रोकने तथा प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण के लिए व्यापक जनजागरूकता आवश्यक है।

पर्यावरणविद डॉ खुशाल सिंह पुरोहित ने कहा कि वृक्ष मानव जीवन का आधार हैं और पर्यावरण संतुलन बनाए रखने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका है। इसलिए केवल पौधे लगाना ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि उनके संरक्षण और संवर्धन पर भी समान रूप से ध्यान देना आवश्यक है। उन्होंने नागरिकों से अधिक से अधिक पौधे लगाने तथा उन्हें वृक्ष बनने तक सुरक्षित रखने का आह्वान किया। उपस्थित लोगों ने “एक पेड़ माँ के नाम” लगाने तथा उसके संरक्षण का संकल्प लिया।

## कृति संस्था के चित्रकला प्रशिक्षण शिविर का समापन

ब्रह्मास्त्र ›› नीमच



शहर की अग्रणी साहित्यिक, सांस्कृतिक ,सामाजिक ,संस्था कृति द्वारा बच्चों की कलात्मक प्रतिभा को निखारने हेतु सात दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन 1 से 7 जून तक किया गया जिसमें लगभग 50 बच्चों को प्रतिदिन दीपक भट्ट , ज्योतिका अग्रवाल ,श्रीमती रचना ओझा और अश्मिका ने चित्रकारी के गुर सिखाये , साथ ही ग्लास पेंटिंग ,क्ले आर्ट आदि का भी प्रशिक्षण दिया। शिविर के समापन के अवसर पर बच्चों द्वारा बनाये गए चित्रों की प्रदर्शनी भी लगाई जायेगी। शनिवार 6 जून को प्रशिक्षण शिविर में क्ले आर्ट का प्रशिक्षण लिया द्य चित्रकला में हाथ आजमा रहे बच्चों का उत्साह देखने लायक था शनिवार को अतिथि के रूप में पीजी कॉलेज प्राचार्य प्रशांत मिश्रा, गवर्नमेंट कॉलेज रामपुर के प्राचार्य नरेंद्र डबकरा, सहित समाजसेवी उपस्थित रहे द्य जिन्होंने बच्चों को विभिन्न आयामों में अपने आप को परिष्कृत करने के इस अवसर कल आप लेने पर शुभकामनाएं दीं।

## लायंस विजयलक्ष्मी उपवन का लोकार्पण

ब्रह्मास्त्र ›› मन्दसौर

लायंस क्लब मंदसौर द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर आयोजित दो दिवसीय विशेष पर्यावरण संरक्षण अभियान के समापन अवसर पर क्लब द्वारा मंदसौर में नव-विकसित “लायंस विजयलक्ष्मी उपवन” का भव्य लोकार्पण किया। इस दौरान लायन साथियों और पर्यावरण प्रेमियों के सहयोग से कुल 3100 पौधों का रोपण करने का संकल्प भी पूर्ण किया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद बंशीलाल गुर्जर ने कहा कि पर्यावरण का संतुलन बनाए रखना आज के समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। लायंस क्लब ने जो महायज्ञ आयोजित किया है, वह न केवल प्रशंसनीय है बल्कि अनुकरणीय भी है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे पंकज जोशी ने कहा कि धरती को हरी-भरी और समृद्ध बनाना प्रत्येक नागरिक का मौलिक कर्तव्य है। क्लब अध्यक्ष रत्नेश कुदार ने कहा कि “एक पौधा, एक आशा और एक हरित भविष्य” की परिकल्पना को साकार करने के ध्येय के साथ क्लब ने 3100 पौधों को रोपने और उनके संरक्षण का बीड़ा उठाया है। क्लब सचिव डॉ. विक्रांत भावसार ने आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर जिला उद्योग केन्द्र महाप्रबंधक मंगल रेकवार, भाजपा नेता अंबालाल चौहान, पूर्व पार्षद आशीष गुप्ता सहित क्लब के प्रदीप कीमती, मुकेश माहेश्वरी, मनोहर सोनगरा, लोकेंद्र धाकड़, विजय सुराणा, नारायण सिंह चौहान, कमल संगतानी, जितेंद्र पोरवाल, अनिल धाकड़, संदीप धींग, संदीप गुप्ता, शैलेंद्र चौरडिया, 'भरत कोठारी आदि सदस्य उपस्थित थे।

# टाईम पास

## अंतर ढूंढो...





## सूडोकू

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 8 | | | | 1 | 5 | |
| 2 | | | | | 1 | 8 | | |
| 3 | | | 4 | | 6 | 7 | | 9 |
| 5 | | | | | 9 | | | |
| | 9 | | 2 | 3 | 4 | | 7 | |
| | | | 1 | | | | | 8 |
| 4 | | 7 | 6 | | 5 | | | 1 |
| | | 6 | 7 | | | | | 4 |
| | 5 | 3 | | | | 2 | | |

## पिछले सुडोकू का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 9 | 7 | 5 | 2 | 1 | 4 | 8 | 6 |
| 5 | 4 | 2 | 9 | 6 | 8 | 7 | 1 | 3 |
| 8 | 6 | 1 | 3 | 7 | 4 | 9 | 5 | 2 |
| 2 | 8 | 9 | 1 | 5 | 3 | 6 | 4 | 7 |
| 4 | 7 | 3 | 2 | 8 | 6 | 5 | 9 | 1 |
| 6 | 1 | 5 | 4 | 9 | 7 | 2 | 3 | 8 |
| 9 | 3 | 4 | 7 | 1 | 2 | 8 | 6 | 5 |
| 7 | 5 | 6 | 8 | 3 | 9 | 1 | 2 | 4 |
| 1 | 2 | 8 | 6 | 4 | 5 | 3 | 7 | 9 |

## वर्ग पहेली




**बाएं से दाएं**

1. खटपट, ठनाठनी-4
4. पंजाब की एक नदी-4
6. चित्रकमेल, लंबी गर्दनवाला पशु-3
8. दंड, दम, शामन-3
9. धरा, भूमि-3
11. शासन व्यवस्था, रहस्य-2
13. नवचंद्राकार-5
15. अकेला-2
16. दया, करुणा-3
18. बंदर का खेल दिखाने वाला-3
19. देवर्षि, देवमुनि-3
20. सब्जी, भाजी-4
22. कुएं पर पानी भरने का चबूतरा-4

**ऊपर से नीचे**

1. गुनाह, दोष, जुर्म-3
2. अपराधमुक्त, निवृत्त-2
3. सौत, दूसरी स्त्री-3
4. होशियार, गुणवान-5
5. भूकंप-4
7. भेद, तुलना-3
10. परिचर्या-5
12. स्वभाव-4
14. स्थित होना-3
17. श्मशान-4
18. गृह, भवन-3
21. जीवन, जीव, स्फूर्ति-2

**पिछले वर्ग पहेली का हल**



## माथा पच्ची

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 50 | | 22 | | 63 | | 20 | = | 29 |
| | | | | | | | | |
| 22 | | 2 | | 20 | | 2 | = | 80 |
| | | | | | | | | |
| 25 | | 3 | | 70 | | 50 | = | 55 |
| | | | | | | | | |
| 40 | | 30 | | 35 | | 15 | = | 20 |
| = | | = | | = | | = | | = |
| 43 | | 17 | | 48 | | 57 | = | 34 / 69 |

## शब्दों का जाल




## अष्टयोग

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 5 | 2 | | 6 | | 1 |
| | 34 | | 28 | | 34 | |
| | 4 | 1 | | 3 | 6 | 7 |
| 1 | 21 | 5 | 29 | | 36 | |
| 4 | | | | 2 | | 5 |
| | 27 | 6 | 39 | | 35 | |
| | 1 | | | 7 | | 3 |

## रंग भरकर चित्र बनाओ



## रास्ता खोजों...



## रंग भरकर चित्र बनाओ



स्वदेशी जागरण मंच
स्वावलंबी भारत अभियान
MySBA

## स्वदेशी - विदेशी वस्तुओं की सूची

| वस्तु | स्वदेशी उत्पाद का प्रयोग करें | विदेशी उत्पाद का - बहिष्कार करें |
|---|---|---|
| नहाने का साबुन | संतूर, निरमा, स्वास्तिक, मैसूर सैंडल, विप्रो, शिकाकाई, मेडिमिक्स, गंगा, सिंथाल, मार्गो, पतंजलि तथा लघु उद्योग के अन्य स्थानीय उत्पादन | लक्स, लिरिल, लाईफबॉय, पियर्स, रेक्सोना, हमाम, जय, मोती, कैमे, डव, पॉण्डस, पॉमोलिव, जॉनसन, क्लीयरसील, डेटाल, लेसांसी, जासमीन, गास्टमिस्ट, लैक्मे, एम्वे, क्वॉटम, मोर्गो |
| कपड़े धोने का साबुन | घड़ी, निरमा, विमल, पतंजलि, हीपोलीन, टी-सीरिज, डेट, फेना, उजाला, शुद्ध, ईजी, जेंटिल, 555, बॉबी तथा लघु उद्योग के अन्य स्थानीय उत्पादन | सनलाईट, व्हील, एरियल, चेक, डबल, ट्रीलो, 501, ओके, की-रिबेल, एम्वे, क्वॉटम, सर्फ एक्सल, रिन, रिम बार, रॉबिन ब्लू और हिन्दूस्थान लिवर के अन्य उत्पादन |
| सौन्दर्य प्रसाधन औषधि | पार्क एवेन्यू, टिप्स एण्ड टोज, श्रृंगार, पतंजलि, सिंथॉल, संतूर, इमामी, खादी, बोरोप्लस, तुलसी, विको टर्मरिक, अर्निका, डाबर, हेयर एण्ड केयर, हिमानी, पैराशूट, फेम, केडिला, फ्रंको, अपका, खण्डेलवाल, टोरंट फार्मा, युनिकेम, झंडु फार्मा, महर्षि आयुर्वेद, बलसारा, डाबर, बैद्यनाथ, भास्कर, बोरोलीन, बजाज सेवाश्रम, कोकोराज, मूव, तथा लघु उद्योग के अन्य स्थानीय उत्पादन | जॉनसन, पॉण्डस्, ओल्ड, क्लियरसील, ब्रिलक्रिम, फेयरल एण्ड लवली, वेलवेट, मेडिकेयर, लेवेंडर, नायसील, शॉवर टू शॉवर, क्लूटीकूरा, लिरील, डेनिम, ऑरगनिक्स, रुट्स, पेंटिन, हेड एण्ड शोल्डर, एमवे, क्लिनिक, कोको केयर, नवराटिस, क्रेक क्रीम |
| टूथपेस्ट, दन्त मंजन, टूथब्रश | बबूल, प्रॉमिस, वीको, एंकर, डाबर, पतंजलि, अजय, अजंता, गरवारे, ब्रश क्लासिक, ईगल, बैद्यनाथ, लघु उद्योग के अन्य स्थानीय उत्पादन | कोलगेट, सिबाका, क्लोजप, पेस्टोडेंट, एमवे, क्वॉटम, एक्वाफ्रेश, नीम, ओरल-बी, फोरहंस, सीग्नल, मॅकलिंस |
| दाढ़ी बनाने का साबुन ब्लेड्स | गोदरेज, इमामी, सुपर, सुपरमैक्स, अशोक, वी-जॉन, पतंजलि, टोपाज, प्रीमियम, पार्क एवेन्यू, लेझर, विद्युत, जे.के. तथा लघु उद्योग के अन्य स्थानीय उत्पादन | पॉमोलिव, ओल्ड स्पाईस, निविया, पॉण्डस्, फ्लेटिनम, जिलेट, सेवेन ओ क्लॉक, विलमेन, विलटेज, अरस्मिक, रिस्स, लेकमे, डेनिम |
| बिस्कीट चॉकलेट, दुग्ध उत्पाद, ब्रेड | वचन, गाया, देवभोग, न्यूट्रीन, अमूल, ब्रिटानिया, पतंजलि, चैम्पियन, ॲम्प्रो, पारले, साठे, बेकमन, प्रिया गोल्ड, मोनैको, गिट्स, पैरी, रावलगांम, क्लासिक, इंडाना, सफल, तथा लघु उद्योग के अन्य स्थानीय उत्पादन | नेस्ले, केडबरी, बोर्नविटा, हॉरलिक्स, बुस्ट, मिल्क मेड, किसान, मैगी, फैरेक्स, अनिकस्प्रे, कॉम्लान, किटकैट, चार्ज, एक्लेअर, मॉडर्न ब्रेड, माल्टोवा, व्हिवा, माइलो |
| चाय - कॉफी | टाटा, वाघबकरी, गिरनार, आसाम टी, सोसायटी, डंकन, ब्रह्मपुत्र, तेज, लघु उद्योग के अन्य स्थानीय उत्पादन | बुकब्रांड, ताजमहल, रेडलेबल, डायमंड, लिपटन, ग्रीनलेबल, टाइगर, नेसकैफे, नेसले, डेल्टा, ब्रू, सनराईज, थ्री फ्लॉवर्स |
| शीतलपेय, शर्बत चटनी, अचार मुरब्बा | पोपट, मौसाजी, ओन्जुम, जैम्पिन, हल्दीराम, हमदर्द, मैप्रो, गुरुजी, फ्रूटी, गोकुल, बीकानेर, वेकफील्ड, मोगा, प्रिया, अशोक मदर्स रेसेपी तथा लघु उद्योग के अन्य स्थानीय उत्पादन | लहर, पेप्सी, सेवनअप, मिरिंडा टीम, कोका कोला, मॅकडोनाल्ड, मॅगोला, गोल्ड स्पाट, लिमका, थम्सअप, स्प्राईट, डक्यूस, फैण्टा, कैडबरी |
| आईस्क्रीम | कैप्स, अरूण, दिनशॉं, सेलेस्टी, अमूल, नेचूरल्स, हिमालय, निरुला, वाडीलाल, क्रीमवेल, मदर डेयरी | कैडबरी, डॉलाप, नाईस, बुकब्राड के उत्पादन, क्वालिटी, वॉल्स, बास्किन-रॉबिन्स, यांकि डयूडल्स |
| खाद्य तेल खाद्य पदार्थ | कमल, सर्वोत्तम, मारुति, पोस्टमेन, धारा, गिन्नी, स्वीकार, रथ, विजया, सपन, पॅराशूट, अशोक, सफोला, कोहिनूर, मधुर, इंजन, गगन, अमृत वनस्पति, रामदेव, एम.डी.एच., एवरेस्ट, बेडेकर, सहकार, लिज्जत, गणेश, शक्ति भोग आटा, टाटा तथा लघु उद्योग के अन्य स्थानीय उत्पादन | डालडा, क्रिस्टल, लिप्टन, अन्नपूर्णा नमक-आटा और चपाती, मैगी, किसान, बुकब्रॉण्ड, कैप्टनकुक नमक और आटा, मॉर्डन चपाती, कारगिल आटा |
| तैयार कपड़े | मफतलाल, रेमण्ड, पिटर इंलैण्ड, ट्रेंड, केम्ब्रिज, डबल बुल, झूड़ियो, अरविंद, डेनिम, प्रोलिन, टीटी, अमूल, वीआईपी, रूपा, पार्क एवेन्यू, न्यूपोर्ट, किलर, फ्लाईंग मशील, ड्यूक्स, कोलकाता बाजार, लूधियाना, एवं अन्य स्थानीय होजरी के उत्पादन | ली के सभी उत्पाद, बर्लिंगन, लकोस्टे, सॅनफिस्को, कलरप्लस, व्हॅन हुसेन, लुई फिलिप, लेविस, पेप जीन्स, रैंगलर, बेनेटोन, रीड एण्ड टेलर, बायफोर्ड |
| कम्प्युटर, लैपटॉप एवं उपकरण | एच.सी.एल, सेनिथ, विप्रो, सहारा, इनटैक्स, चिराग, एमकेट, मोसरबेयर, बीपीएल, अजन्ता, टीवीएस | तोशिबा, सेमसंग, एलजी, लेनोवा, सोनी, ऐसर, एचपी, केनन, शार्प, एसुस, डेल, सनडिक्स, नेक, फिलिप्स |






409, शगुन टॉवर, अपना स्वीट्स विजय नगर चौराहा, इंदौर
Gunjan Shrivastav 98263 96368

# महीने की 6 हजार सैलरी वाला इंजीनियर करोड़ों का मालिक

## भुवनेश्वर में चार आलीशान मकान, ओडिशा में कुल 5 इमारतें, 13 प्लॉट और 2 करोड़ कैश मिले

ब्रह्मास्त्र ▸▸ भुवनेश्वर

सिर्फ 6 हजार रुपए मासिक वेतन पर सरकारी नौकरी शुरू करने वाले ओडिशा के बैकुंठ नाथ बेहरा की करोड़ों की संपत्ति का खुलासा हुआ है। बैकुंठ नाथ कंधमाल जिले के बलिगुड़ा स्थित एकीकृत जनजातीय विकास एजेंसी के असिस्टेंट एग्जीक्यूटिव इंजीनियर हैं।

ओडिशा विजिलेंस को बेहरा के पास आय से अधिक संपत्ति होने की शिकायत मिली थी। इसके बाद भुवनेश्वर के विशेष न्यायाधीश (विजिलेंस) के सर्च वारंट के आधार पर विजिलेंस ने शुक्रवार को भुवनेश्वर, जाजपुर, बारिपदा और कंधमाल जिले के कुल 9 ठिकानों पर एक साथ छापेमारी की।

इस दौरान 5 बहुमंजिला इमारतें, 13 प्लॉट, सोने के गहने और बैंक लॉकरों से करीब 2.4 करोड़ कैश बरामद किए गए हैं। सभी संपत्तियों की कीमत करोड़ों में आंकी जा रही है। इसे हाल के वर्षों की सबसे बड़ी आय से अधिक संपत्ति की कार्रवाइयों में एक माना जा रहा है।

**भुवनेश्वर में चार बहुमंजिला आलीशान मकान-** भुवनेश्वर के 4 इलाकों के अलावा जाजपुर जिले के धर्मशाला स्थित पैतृक घर, रिश्तेदारों के आवास, सरकारी क्वार्टर और ऑफिस में भी तलाशी ली गई। कार्रवाई में 2 एडिशनल एसपी, 5 डीएसपी, 6 इंस्पेक्टर और बड़ी संख्या में अन्य अधिकारियों को लगाया गया।

जांच में अब तक पांच बड़ी इमारतों का पता चला है। इनमें भुवनेश्वर स्थित नीलाद्री विहार में लगभग 10,500 वर्गफुट क्षेत्रफल वाली चार मंजिला इमारत सबसे बड़ी है। इसके अलावा सैलश्री विहार में तीन मंजिला भवन, पटिया में दो मंजिला मकान, चंद्रशेखरपुर में दो मंजिला मकान है। जाजपुर जिले के धर्मशाला में पैतृक जमीन पर भी दो मंजिला इमारत बनी है। विजिलेंस को बेहरा और उनके परिवार के नाम पर 13 प्लॉट भी मिले हैं। इनमें 7 प्लॉट भुवनेश्वर, 5 जाजपुर जिले के धर्मशाला और एक बारिपदा में स्थित है। भुवनेश्वर में और भी जमीन होने की जानकारी सामने आई है।

# इंदौर के कैफे में हत्या करने वाले 9 आरोपी गिरफ्तार

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

इंदौर के विदुर नगर में 4 जून को हुई युवक की हत्या के मामले में द्वारकापुरी पुलिस ने 9 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के अनुसार, पुरानी रंजिश और एक ऑडियो रिकॉर्डिंग इस हत्याकांड की वजह बनी। आरोपियों की गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने इलाके में उनका जुलूस भी निकाला।

डीसीपी सुनील मेहता ने बताया कि घटना के बाद क्रिश ने अपने दोस्त आदर्श जोशी को फोन पर इसकी जानकारी दी। आदर्श, क्रिश और अंकित का दोस्त है। उसने क्रिश की बातचीत रिकॉर्ड कर ली और यह रिकॉर्डिंग अंकित को भेज दी।

रिकॉर्डिंग सुनने के बाद अनिकेत पाल, अंकित पाल और शिवम पाल ने क्रिश की हत्या की साजिश रची। इसके बाद आदर्श से फोन करवाकर क्रिश को एक कैफे पर बुलाया गया। क्रिश के कैफे पहुंचते ही आदर्श ने इसकी सूचना अंकित को दे दी। इसके बाद अंकित, अनिकेत, गौरव, आकाश, शिवम, अश्विन, करण और अभिषेक भी वहां पहुंच गए। सभी ने मिलकर क्रिश को घेर लिया और चाकू से हमला कर उसकी हत्या कर दी।

गिरफ्तार आरोपियों को पुलिस इलाके में लेकर पहुंची, जहां उनका जुलूस निकाला गया। गिरफ्तारी के दौरान घायल हुए कुछ आरोपी एक-दूसरे का सहारा लेकर चलते नजर आए, जबकि कुछ पुलिसकर्मियों के कंधे का सहारा लेकर चल रहे थे।

PRA-N-SHI
INFRA ADVISOR PVT. LTD.
A Name You Can Trust

HOOH

*cordially invites you to*

# CORBETT VANYAM

# ALLOTMENT DAY 2026

A special day celebrating your investment journey in the serene beauty of **Jim Corbett, Uttarakhand.**

| | |
|---|---|
| VENUE: | Holiday Inn, An IHG Hotel<br>Mayur Vihar-1 |
| DATE: | 7th June 2026 |
| TIME: | 10:00 AM – 6:00 PM |

*We look forward to welcoming you.*



■ वर्ष-12 अंक-214 मूल्य- 2 रु. मध्यप्रदेश छत्तीसगढ़ गुजरात महाराष्ट्र राजस्थान उत्तरप्रदेश उत्तरांचल मालवा डिवीजन 402/2024-2026 आर एन आई क्रमांक 2013/57651

यदा यदा हि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत। अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्॥

दैनिक ब्रह्मास्त्र

उज्जैन, रविवासरः 07 जून, 2026

## सुभाषितानि

**उपसर्गेऽन्यचक्रे च दुर्भिक्षे च भयावहे।**
**असाधुजनसम्पर्के पलायति स जीवति॥**

**भावार्थ** : उपद्रव या लड़ाई हो जाने पर, भयंकर आकाल पड़ जाने पर और दुष्टों का साथ मिलने पर भागजाने वाला व्यक्ति ही जीता है।

**लालयेत् पंचवर्षाणि दशवर्षाणि ताडयेत्।**
**प्राप्ते तु षोडशे वर्षे पुत्रं मित्रवदाचरेत्॥**

**भावार्थ** : पुत्र का पांच वर्ष तक लालन करे। दस वर्ष तक ताड़न करे। सोलहवां वर्ष लग जाने पर उसके साथ मित्र के समान व्यवहार करना चाहिए।

## सम्पादकीयम्

### महिला आरक्षण विधेयक

आर्धजनसंख्यायाः पूर्णाधिकारः महिला आरक्षणेन भारतीयप्रजातन्त्रस्य मुखस्य परिवर्तनं भविष्यति 'नारी शक्ति वन्दन अधिनियम' (महिलासशक्तिकरण अधिनियम) राजनीतिषु महिलानां न्यूनभागित्वस्य सुधारणार्थं प्रयत्नः अस्ति। जनसंख्यायाः प्रायः आर्धं भागं कृत्वा अपि संसदे राज्यविधानसभासु च महिलानां प्रतिनिधित्वं उल्लेखनीयरूपेण न्यूनं वर्तते। दीर्घकालं प्रतीक्षमाणः अयं विधानः लोकतन्त्रे सन्तुलनं आनयिष्यति, नीतिनिमार्णे महिलानां स्वरं प्रवर्धयिष्यति, राजनैतिकक्षेत्रे समानावकाशानां सुनिश्चित्यै च महत्त्वपूर्णं सोपानं सिद्धं करिष्यति। २०११ जनगणनानुसारं भारतस्य कुलजनसंख्यायाः ४८.५% महिलाः सन्ति। यद्यपि अनुमानं भवति यत् अस्मिन् आकङ्के विगतसार्धदशकेषु किञ्चित सीमान्तसुधारः दृष्टः स्यात् तथापि यत् अपरिवर्तितं तत् देशस्य संसदे राज्यविधानसभासु च महिलानां सहभागितायाः स्तरः अस्ति 'नारी शक्ति वन्दन अधिनियम' (महिला आरक्षण अधिनियम) एव अस्याः यथास्थितेः परिवर्तनार्थं निर्मितः विधानः अस्ति; अतः तस्य पारितस्य कार्यान्वयनस्य च विलम्बः न भवेत्।

दुर्बलप्रतिनिधित्वं : सांख्यिकी सूचयति यत् यद्यपि राजनीतिषु महिलानां महत्त्वपूर्णा भूमिका अस्ति तथापि प्रायः तेषां मुख्यतया 'मतबैङ्कस्य' चक्षुषा दृष्टा अस्ति अद्यत्वे अपि तेषां पर्याप्तं प्रतिनिधित्वं न प्राप्तम्-एतत् शुद्धं यथार्थं यत् प्रत्येकस्मिन् क्षेत्रे समानाधिकारस्य सुनिश्चित्य विषये व्यापकप्रवचनस्य अभावेऽपि वर्तते।

#### पूर्वराज्याध्यक्षस्य के.अन्नामलाई इत्यस्य त्यागपत्रस्य घण्टाभिः

# अन्तः एव अन्यौ वरिष्ठनेतृद्वयं दलेन सह सम्बन्धं विच्छिन्नवन्तौ




ब्रह्मास्त्र ›› चेन्नई

तमिलनाडुनगरे शुक्रवासरे एकः महत्त्वपूर्णः राजनैतिकविकासः अभवत् यतः भारतीयजनतापक्षस्य राज्ये शीघ्रं क्रमेण तृतीयः बृहत् पराजयः अभवत्। पूर्वराज्याध्यक्षस्य के.अन्नामलाई इत्यस्य त्यागपत्रस्य घण्टाभिः अन्तः एव अन्यौ वरिष्ठनेतृद्वयं दलेन सह सम्बन्धं विच्छिन्नवन्तौ। राज्यस्य उपाध्यक्षः कारुनागराजनः, राज्यसचिवः सुमथिवेङ्कटेशः च स्वस्वपदेभ्यः अपि च दलस्य प्राथमिकसदस्यतायाः इस्तीफां दत्तवन्तौ। एतेषां त्यागपत्राणां कारणेन तमिलनाडुभाजपा-अन्तर्गतं प्रचलति आन्तरिक-असहमति-नेतृत्व-संकटयोः विषये चर्चाः तीव्राः अभवन्।

कारुनागराजनस्य त्यागपत्रस्य विषयः राजनैतिकवृत्तेषु अधिकतया चचार्याः विषयः अस्ति। स्ववक्तव्ये सः स्पष्टतया संकेतं दत्तवान् यत् सः के.अन्नमलाई इत्यनेन सह नूतनराजनैतिकयात्रायाः आरम्भं कर्तुं सज्जः अस्ति। अन्नमलाई इत्यस्य नेतृत्वगुणानां मुक्ततया प्रशंसां कुर्वन् नागराजनः तं निर्भयः, मुक्तकण्ठः, लचीलः च नेता इति वर्णितवान्। सः अवलोकितवान् यत् अन्नमलाई एतादृशः नेता अस्ति यः कस्यचित् दुष्कृतं दबावे न पतित्वा प्रश्नं करोति, यद्यपि तेषां स्थानं कियत प्रभावशाली भवेत्।

नागराजन् इत्यनेन उक्तं यत् अन्नमलाई इत्यस्य प्रशासनस्य, राजनीतिस्य, सामाजिकविषयाणां, जनसरोकारस्य च गहनबोधः अस्ति। सः मन्यते यत् अन्नमलाई तमिलनाडुराजनीत्यां सशक्तं, वैकल्पिकं राजनैतिकशक्तिरूपेण उद्भवितुं शक्नोति। तस्य वचनेन अन्नमलाई शीघ्रमेव स्वस्य राजनैतिकदलस्य प्रारम्भस्य घोषणां कर्तुं शक्नोति इति अनुमानं अधिकं प्रेरितम् अस्ति।

इदानीं राज्यसचिवः सुमथिवेङ्कटेशः अपि सामाजिकमाध्यमेन स्वस्य त्यागपत्रं सार्वजनिकं कृतवान्। सा भावुकतापूर्वकं व्यक्तवती यत् सा गुरुहृदयेन दलं त्यजति इति। राजीनामापत्रे सा भाजपा-सङ्गठनेन सह व्यतीतस्य समयस्य गौरवपूर्णः, गौरवस्य च कारणं वर्णितवती। ते प्रधानमन्त्रिणः नरेन्द्रमोदीयाः नेतृत्वस्य, राष्ट्रवादस्य, देशभक्तेः, राष्ट्रसेवायाः च विचारधारायाः अपि प्रशंसाम् अकरोत्। यद्यपि त्यागपत्रस्य विशिष्टं कारणं न उक्तं तथापि राजनैतिकविश्लेषकाः दलस्य अन्तः वर्धमानानाम् आन्तरिकविदारणानां कारणं वदन्ति। एतेषां घटनानां पूर्वं तमिलनाडुभाजपायाः पूर्वाध्यक्षः के. भाजपानेतृत्वेन तस्य त्यागपत्रं स्वीकृतम् अस्ति। अन्नमलाईः प्रायः षड्वर्षाणि यावत् दलस्य सक्रियः आसीत्, तस्मिन् काले सः तमिलनाडुदेशे भाजपायाः प्रमुखतमः मुखः इति रूपेण उद्धृतः। तस्य नेतृत्वे दलं राज्ये स्वस्य राजनैतिकपदचिह्नं सुदृढं कर्तुं प्रयत्नं कृतवान्, विविधविषयेषु आक्रामकविपक्षस्य भूमिकां च निर्वहति स्म।

#### अस्मिन् विषये

## च बहूनां सङ्ख्यां करियर-निमार्णं कर्तुं प्रयतन्ते

ब्रह्मास्त्र ›› नव देहली

अधुना बहवः व्यावसायिकाः पूवार्पेक्षया बहु दीर्घकालं यावत् कार्याणि अन्वेष्टुं प्रवृत्ताः सन्ति। एकेन वायरल्-पोस्ट्-पत्रेण अमेरिका-देशे कार्यं कुर्वतां सहस्राणां विदेशीय-व्यावसायिकानां चिन्ता प्रकाशिता अस्ति।

एषः विषयः विशेषतया भारतीयमूलस्य प्रौद्योगिकीविशेषज्ञानाम् मध्ये चचार्याः प्रमुखः विषयः अभवत्, यतः भारतीयव्यावसायिकाः एच्-१ बी वीजाकार्यक्रमस्य बृहत्तमस्य लाभार्थीसमुदायस्य गठनं कुर्वन्ति सामाजिकमाध्यमेषु अनेके अस्याः घटनायाः वर्णनं अमेरिकी-नौकरी-विपण्यस्य परिवर्तनशील-वास्तविकतायाः प्रतीकं कृतवन्तः। यद्यपि तत्र सम्बद्धस्य व्यक्तिस्य परिचयः सार्वजनिकः न कृतः तथापि तेषां कथा दर्शयति यत्-उन्नतशिक्षा, तकनीकीविशेषज्ञता, वषार्णां व्यावसायिकानुभवः च अस्ति चेदपि-अमेरिकादेशे रोजगारं प्राप्तुं विदेशीयश्रमिकाणां कृते यथा पूर्वं आसीत तथा सुलभं नास्ति कार्यबाजारस्य चुनौतीनां, वीजा-अनिश्चितानां, तीव्र-प्रतिस्पधार्याः च मध्ये अधुना एषः प्रकरणः एच्-१ बी-वीजाधारकाणां भविष्यस्य, अमेरिकी-रोजगारनीतेः च विषये व्यापक-विमर्शस्य भागः अभवत्। एतादृशे वातावरणे वीजाप्रायोजकत्वस्य आवश्यकतां विद्यमानानाम् अभ्यर्थीनां कृते अतिरिक्तबाधाः सन्ति, यतः कम्पनयः तान् अभ्यर्थिनः प्राथमिकताम् अददात येषां अतिरिक्तकानूनी-प्रशासनिक-औपचारिकताः न सन्ति एच्-१ बी वीजाधारकाणां कृते केवलं तान्त्रिककौशलं पर्याप्तं नास्ति इति अपि विशेषज्ञाः वदन्ति।

ब्रह्मास्त्र ›› भोपाल

यदा तु पूर्वप्रतिवेदने एतत् आकङ्कणं ७७.४ प्रतिशतं आसीत् महिलासशक्तिकरणसम्बद्धेषु सूचकेषु अपि सकारात्मकप्रगतिः अवलोकिता अस्ति। गृहनिर्णयनिमार्णे विवाहितानां महिलानां प्रतिशतं ८६ प्रतिशतात् ९०.४ प्रतिशतं यावत् वर्धितम् अस्ति। अपि च, स्वस्य मोबाईलफोनस्य स्वामित्वं, उपयोगं च कुर्वतां महिलानां अनुपातः ३८.५ प्रतिशतात् ४८.५ प्रतिशतं यावत् वर्धितः अस्ति। मासिकधर्मस्य समये स्वच्छतापूर्णानि सुरक्षितानि च पद्धतीनि उपयुज्यमानानाम् महिलानां प्रतिशतं ६१% तः ६५% यावत् वर्धितम् इति अपि प्रतिवेदने उल्लेखितम् अस्ति। अपि च, भर्तुः वा पतिपत्न्याः वा हस्ते हिंसायाः अनुभवं कुर्वतीनां महिलानां प्रतिशतं २८% तः २१% यावत् न्यूनीकृतम् अस्ति-एषा प्रवृत्तिः सामाजिकजागरूकतायाः महिलासशक्तिकरणस्य च सकारात्मकसूचकरूपेण दृश्यते।

## राशिफल

**मेष** : मेष राशि वालों के लिए आज का दिन सफलताओं से भरा रह सकता है। करियर में आगे बढ़ने के नए अवसर मिलेंगे।

**वृषभ** : वृषभ राशि वालों के आज आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। कार्यस्थल पर आपको नई जिम्मेदारियां मिल सकती हैं।

**मिथुन** : मिथुन राशि वालों की सेहत अच्छी रहेगी। आप व्यावसायिक सफलता की ओर धीरे-धीरे बढ़ेंगे।

**कर्क** : आज जल्दबाजी में कोई फैसला नहीं लेना चाहिए। खासतौर पर आर्थिक मामलों में खास सतर्कता बरतने की जरूरत है।

**सिंह** : सिंह राशि वालों को आज अपनी ऊर्जा को बेकार के काम में बर्बाद करने से बचना चाहिए।

**कन्या** : कन्या राशि वालों की किसी आकर्षक व्यक्तित्व से मुलाकात हो सकती है। विवाहित जातक साथी के साथ अच्छा समय बिताएंगे।

**तुला** : रिश्तों में आज गहराई आएगी। सिंगल लोगों को धैर्य रखना चाहिए और लव लाइफ से जुड़ा कोई फैसला जल्दबाजी में नहीं लें।

**वृश्चिक** : आज का दिन भावनात्मक जुड़ाव के लिए अच्छा है। सिंगल लोग किसी परिचित व्यक्ति की ओर आकर्षित हो सकते हैं।

**धनु** : आज प्रेम में सम्मान बढ़ाने पर ध्यान देना चाहिए। किसी महत्वपूर्ण निर्णय को लेने के लिए दोपहर के बाद का समय अच्छा है।

**मकर** : मकर राशि के लिए आज का दिन अच्छा रहेगा। पार्टनर के साथ यात्रा पर जाने के योग बन रहे हैं।

**कुंभ** : कुंभ राशि वालों के लिए दिन अच्छा रहने वाला है। अपनी फीलिंग्स को शेयर करते समय धैर्य रखें।

**मीन** : आज अपने क्रोध और वाणी पर संयम बरतें, वरना आपकी बातों का गलत मतलब निकाला जा सकता है।

### ज्योतिष/वास्तु

# जून माह में शनि-शुक्र युति से बनेगा यह शक्तिशाली राजयोग, इन राशियों को होगा सबसे ज्यादा फायदा

वैदिक ज्योतिष शास्त्र की गणना के आधार पर जून का महीना कुछ राशि वालों के लिए बहुत ही अच्छा साबित होगा। जून माह में नवपंचम राजयोग बनेगा जिससे कुछ राशि वालों के लिए आने वाला समय शुभ और शानदार साबित होगा।

जून का महीना ग्रहों के गोचर के आधार पर बहुत ही खास और महत्वपूर्ण रहने वाला साबित होगा। इस माह ग्रहों का ऐसा संयोग बनेगा जिससे कुछ राशि वालों के लिए आने वाला समय बहुत ही लाभकारी और शुभ साबित होगा। वैदिक ज्योतिष शास्त्र के अनुसार जून माह में सुख, प्रेम और ऐश्वर्य के कारक ग्रह शुक्र और न्याय के कारक ग्रह शनि मिलकर नवपंचम योग का निर्माण करेंगे।



ज्योतिष शास्त्र में नवपंचम राजयोग को बहुत ही शुभ और असरकारी योग माना जाता है। वैदिक पंचांग के अनुसार, 25 जून 2026 को शुक्र और शनि मिलकर बहुत ही शक्तिशाली नवपंचम योग का निर्माण होगा। इस शक्तिशाली योग के निर्माण कुछ राशि वालों को जून के महीने में सबसे ज्यादा लाभ होगा।

**वृषभ राशि-** जून का महीना वृषभ राशि वालों के लिए बहुत ही शुभ और शानदार साबित होगा। शुक्र आपकी राशि के स्वामी होते हैं और शनि योग कारक। ऐसे में आपको जून के महीने में आपको भाग्य का अच्छा साथ मिलेगा। लंबे समय से अटका हुआ कोई काम पूरा होगा। नौकरी में नए तरह के मौके मिलेंगे और भौतिक सुख-सुविधाओं का लाभ मिलेगा। बिजनेस की नई योजनाएं कारगर रहेंगी।

**मिथुन राशि-** मिथुन राशि वालों के लिए शुक्र और शनि का त्रिकोण संबंध आपके करियर के लिए बहुत ही अच्छा साबित होगा। इस दौरान आपके नौकरी में प्रमोशन और वेतन वृद्धि से संबंधित कोई अच्छी खबरें सुनने को मिल सकती है। इस दौरान आपको विदेश से संबंधित कोई अच्छा और बड़ा लाभ मिल सकता है।

**कन्या राशि-** कन्या राशि वालों के लिए शुक्र-शनि का नवपंचम योग आपके निवेश में मजबूती और सफलता दिलाने वाला होगा। अचानक धन प्राप्ति के योग इस माह बनेगा। नौकरीपेशा जातकों के लिए कुछ अच्छे और बेहतरीन मौके मिलेंगे। वहीं प्रेम संबंधों में मजबूती आएगी और आने वाला दिन शुभ रहेगा।

**कुंभ राशि-** कुंभ राशि वालों के लिए शनि आपके स्वामी हैं और शुक्र के साथ मित्रता का संबंध है। ऐसे में जून का महीना कुंभ राशि वालों के लिए बहुत ही भाग्यशाली साबित होगा। इस दौरान आपको कार्यक्षेत्र में कोई बड़ी उपलब्धि हासिल हो सकती है। समाज में आपका रुतबा बढ़ेगा। नई योजनाएं कारगर साबित होंगी। संतान पक्ष से कोई शुभ समाचार सुनने को मिल सकता है।

### जापान को 4-1 से हराया, आशीष की लगातार दूसरी हैट्रिक, महिला टीम को ब्रॉन्ज मिला

# भारत ने तीसरा अंडर-18 हॉकी एशिया कप जीता

ब्रह्मास्त्र ›› जापान



भारत ने तीसरी बार अंडर-18 हॉकी एशिया कप जीत लिया है। टीम ने डिफेंडिंग चैंपियन जापान को फाइनल में 4-1 से हरा दिया। इससे पहले भारत ने 2001 और 2016 में टाइटल अपने नाम किया था। शनिवार को जापान के काकामिगाहारा में अशिष तानी पुर्ती ने हैट्रिक लगाई। कप्तान केतन कुशवाहा ने भी एक गोल किया। इससे पहले पाकिस्तान के खिलाफ सेमीफाइनल में भी आशीष ने हैट्रिक लगाते हुए 4 गोल किए थे। वहीं पाकिस्तान ने मलेशिया को हराकर तीसरा स्थान पक्का किया।

दूसरी ओर विमेंस टीम ने साउथ कोरिया को 3-0 से हराकर ब्रॉन्ज मेडल जीता। इस कैटेगरी में चीन ने गोल्ड अपने नाम किया।

**पीएम मोदी ने भारतीय जूनियर हॉकी टीमों को बधाई दी-** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पुरुष और महिला दोनों भारतीय व-18 हॉकी टीमों को एशिया कप 2026 में शानदार प्रदर्शन के लिए बधाई दी। उन्होंने महिला टीम को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि पूरे टूर्नामेंट में टीम ने शानदार जुझारूपन दिखाया। यह उपलब्धि भारतीय महिला हॉकी की बढ़ती ताकत और खिलाड़ियों की अपार क्षमता को दर्शाती है।

पुरुष टीम को बधाई देते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि भारतीय खिलाड़ियों ने पूरे टूर्नामेंट में बेहतरीन कौशल और टीमवर्क का प्रदर्शन किया, जिसका परिणाम फाइनल में यादगार जीत के रूप में सामने आया।

**3-3 लाख रुपए मिलेंगे-** खिताब जीतने के बाद हॉकी इंडिया ने मेंस टीम के प्रत्येक खिलाड़ी को तीन-तीन लाख रुपए और सपोर्ट स्टाफ के प्रत्येक सदस्य को डेढ़ लाख रुपए देने का ऐलान किया। इसी दिन ब्रॉन्ज जीतने वाली भारतीय महिला टीम के खिलाड़ियों को एक-एक लाख रुपए और सपोर्ट स्टाफ को 50 हजार रुपए देने की घोषणा भी की गई।

**आशीष टूर्नामेंट के टॉप स्कोरर-** आशीष को फाइनल में शानदार प्रदर्शन के लिए प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। वह 17 गोल के साथ टूर्नामेंट के टॉप स्कोरर भी रहे। गोलकीपर आयुष रजक को टूर्नामेंट का बेस्ट गोलकीपर चुना गया। महिला प्रतियोगिता में भारत की नौशीन नाज 12 गोल के साथ टॉप स्कोरर रहीं।

**जापान से सिर्फ एक गोल लगा-** आशीष तानी पुर्ती ने दूसरे, 28वें और 34वें मिनट में गोल किए। केतन कुशवाहा ने 30वें मिनट में गोल दागा। जापान के लिए एकमात्र गोल नुमादा गाकु ने 52वें मिनट में पेनल्टी स्ट्रोक पर किया।

**यहां से फाइनल मैच रिपोर्ट-** पहले 90 सेकंड के भीतर भारतीय टीम को पेनल्टी कॉर्नर मिला और अशिष ने उसे गोल में बदलकर भारत को 1-0 की बढ़त दिला दी। दूसरे क्वार्टर में जापान ने दबाव बनाया और अपना पहला पेनल्टी कॉर्नर भी हासिल किया, लेकिन बराबरी का गोल नहीं कर सका। इसके बाद 28वें मिनट में भारत को पेनल्टी कॉर्नर मिला और आशीष ने स्कोर 2-0 कर दिया। भारत ने बढ़त को और मजबूत करते हुए हाफ टाइम से ठीक पहले तीसरा गोल किया। कप्तान केतन कुशवाहा ने 30वें मिनट में गोल कर भारत को 3-0 से आगे कर दिया। तीसरे क्वार्टर में भारत को एक और पेनल्टी कॉर्नर मिला। 34वें मिनट में आशीष ने हैट्रिक पूरी की और भारत को 4-0 की मजबूत बढ़त दिला दी। आखिरी क्वार्टर में जापान ने वापसी की कोशिश की। 52वें मिनट में नुमादा गाकु ने पेनल्टी स्ट्रोक पर गोल कर अंतर 4-1 कर दिया।

### फाइनल में च्वालिंस्का को 6-3, 6-2 से हराया

# 19 साल की एंड्रीवा ने फ्रेंच ओपन जीता

ब्रह्मास्त्र ›› पेरिस

19 साल की मीरा एंड्रीवा ने पहली बार फ्रेंच ओपन जीत लिया है। शनिवार को खेले गए विमेंस सिंगल्स फाइनल में उन्होंने पोलैंड की माया च्वालिंस्का को सीधे सेटों में 6-3, 6-2 से हराया। यह मुकाबला 1 घंटे 22 मिनट तक चला। एंड्रीवा फ्रेंच ओपन जीतने वाली दूसरी सबसे कम उम्र की खिलाड़ी बन गईं। उनसे पहले 1992 में 18 साल की मोनिका सेलेस ने यह टाइटल अपने नाम किया था।

**करियर का पहला ग्रैंड स्लैम खिताब-** रूस की एंड्रीवा का यह पहला ग्रैंड स्लैम खिताब है। वे पूरे मुकाबले में च्वालिंस्का पर हावी रहीं। पहले सेट में स्कोर 3-3 से बराबरी पर था, लेकिन इसके बाद उन्होंने लगातार तीन गेम जीतकर सेट 6-3 से अपने नाम कर लिया।

दूसरे सेट में भी उन्होंने शुरूआती बढ़त हासिल की और लगातार 6 गेम जीतते हुए च्वालिंस्का को वापसी का मौका नहीं दिया। उन्होंने 6-2 से सेट और मैच जीतकर ट्रॉफी अपने नाम कर ली।




खिताब जीतने के बाद एंड्रीवा भावुक दिखीं। उन्होंने अपनी टीम और परिवार का धन्यवाद किया। उन्होंने कहा कि यह उनके बचपन का सपना था और रोलां गैरो जीतना उनके लिए बेहद खास पल है।

**दूसरी सबसे कम उम्र की चैंपियन-** इस जीत के साथ एंड्रीवा 2020 में इगा स्वियातेक के बाद फ्रेंच ओपन महिला एकल जीतने वाली टीनएज खिलाड़ी बन गईं। वह 1992 में मोनिका सेलेस के बाद फ्रेंच ओपन में सबसे कम उम्र की महिला चैंपियन भी हैं।

**च्वालिंस्का लगातार 9 मैच जीतकर फाइनल पहुंची थीं-** फाइनल में हार के बावजूद च्वालिंस्का का अभियान यादगार रहा। वर्ल्ड रैंकिंग में 114वें स्थान पर मौजूद पोलिश खिलाड़ी क्वालिफायर के रूप में टूर्नामेंट में उतरी थीं और लगातार नौ जीत दर्ज कर फाइनल तक पहुंची थीं। उन्होंने वर्ल्ड नंबर-1 आर्यना सबालेंका को भी हराकर बाहर किया था।

मैच के बाद च्वालिंस्का ने एंड्रीवा की तारीफ करते हुए कहा कि वह उनसे बेहतर खिलाड़ी साबित हुईं। एंड्रीवा ने कोच कोंचिता मार्टिनेज और अपने परिवार के साथ जीत का जश्न मनाया।

## खबर एक नजर...

### एसपी ने पुलिस के दायित्वों और जनसेवा से कराया अवगत

**उज्जैन।** पीटीएस से प्रशिक्षण प्राप्त नव आरक्षको को पुलिस विभाग में पदस्थापना दी गई है। शनिवार को 221 नव आरक्षकों के साथ एसपी प्रदीप शर्मा द्वारा परिचयात्मक बैठक आयोजित की गई। इस दौरान एसपी ने आरक्षकों को पुलिस सेवा के मूल दायित्वों, अनुशासन, कर्तव्यनिष्ठा और जनसेवा के महत्व से अवगत कराया।बनव आरक्षकों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि पुलिस सेवा केवल एक नौकरी नहीं, बल्कि समाज और राष्ट्र के प्रति समर्पण, उत्तरदायित्व एवं सेवा का माध्यम है। उन्होंने सभी आरक्षकों से अपने दायित्वों का निर्वहन पूर्ण ईमानदारी, निष्पक्षता एवं संवेदनशीलता के साथ करने का आह्वान किया। साथ ही आमजन के साथ सौहार्दपूर्ण व्यवहार बनाए रखने पर बल देते हुए कहा कि पुलिस की सकारात्मक छवि उसके व्यवहार, कार्यकुशलता एवं जनसहयोग से निर्मित होती है। बैठक के बाद सभी नव आरक्षकों को जिले के विभिन्न महत्वपूर्ण, संवेदनशील थाना क्षेत्रों में पदस्थापना के आदेश प्रदान किए गए। वही आगामी सिंहस्थ-2028 को दृष्टिगत रखते हुए विशेष मार्गदर्शन प्रदान करते हुए बताया गया कि यह विश्व के सबसे बड़े धार्मिक आयोजनों में से एक है, जिसमें देश-विदेश से करोड़ों श्रद्धालुओं के आगमन की संभावना रहती है। ऐसे विशाल आयोजन में पुलिस बल की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होगी। बैठक में रक्षित निरीक्षक रणजीत सिंह, सूबेदार स्वाती कामले, सुभाष सतपाड़िया, स्थापना प्रभारी नितिन वर्मा उपस्थित रहे।

### 14 साल बाद गिरफ्त में आया इनामी स्थाई वारंटी

**उज्जैन।** आपराधिक मामलों में कोर्ट पेशी पर उपस्थित नहीं होकर 14 सालों से फरार चल रहे आरोपी के खिलाफ स्थाई वारंटी जारी किया गया था, गिरफ्तारी नहीं होने पर पुलिस द्वारा 10 हजार का इनाम भी घोषित किया गया था। माधवनगर थाना पुलिस लगातार उसकी तलाश में थी। आरोपी हर बार अपना ठिकाना बदलकर पुलिस को चकमा दे रहा था। बीती रात मुखबीर सूचना मिली थी फरार इनामी वारंटी अपने क्षेत्र में घूम रहा है। थाना प्रभारी गजेंद्र पचोरिया ने इनामी वारंटी की धरपकड़ के लिये टीम को रवाना किया। वारंटी अपने घर के समीप हीरा मिल की चाल से गिरफ्त में आ गया। पुलिस के अनुसार स्थाई फरार इनामी वारंटी अविनाश सुनहरा पिता रमेशचंद्र सुनहरा 45 वर्ष को कोर्ट में पेश किया गया जहां से उसे जेल भेजा गया है। उसके खिलाफ दो मामलों में स्थाई वारंट जारी हुए थे। दोनों मामलों में 5-5 हजार का इनाम था। फरारी के दौरान उसने अपनी दाड़ी और सिर के बाल बढ़ा कर हुलिया भी बदल लिया था।

### उज्जैन का दूसरा आईएसओ थाना बना राघवी

**उज्जैन।** पुलिस विभाग की उत्कृष्ट कार्यसंस्कृति, जनसेवा के प्रति समर्पण, पारदर्शी कार्यप्रणाली और बेहतर पुलिसिंग का प्रतिफल उज्जैन जिला पुलिस को राघवी थाना पुलिस के माध्यम से मिला है। दिल्ली से आई टीम ने थानों का अवलोकन कर पुलिस की कार्यप्रणाली को देखा था, राघवी थाना पुलिस की कार्यशैली काफी उत्कृष्ट होने पर आईएसओ प्रमाणित किया गया। उज्जैन पुलिस के लिए यह गौरव का पल होने पर पुलिस अधीक्षक प्रदीप शर्मा ने राघवी पहुंचकर एक कार्यक्रम में थाना स्टाफ को प्रमाण पत्र सौंपा। वर्तमान में थाने की कमान प्रशिक्षु आईपीएस काजल सिंह संभाल रही है इससे पहले थाने की बेहतर पुलिसिंग को बनाए रखने में एसआई वीरेंद्र बंदेवार का महत्वपूर्ण सहयोग रहा। उन्होंने काफी समय तक प्रभारी के रूप में थाना क्षेत्र में अपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने के साथ जन सेवा के प्रति समर्पण को सार्थक करते हुए पारदर्शी कार्य प्रणाली से क्षेत्र में कानून व्यवस्था को कायम रखा। उज्जैन जिले में राघवी दूसरा थाना है, जिसे आईएसओ प्रमाणित थाना बनाया गया है। इससे पहले माधवनगर थाना आईएसओ प्रमाणित हो चुका है।

### जहरीला पदार्थ खाने वाली नवविवाहित की मौत

**उज्जैन।** भाटपचलाना थाना क्षेत्र ग्राम बरथुन से प्रिया पति बालकदास बैरागी 26 साल को जहरीला पदार्थ खाने से बिगड़ी हालत के बाद उपचार के लिए उज्जैन लाया गया था। निजी अस्पताल में उपचार के दौरान शुक्रवार रात उसकी मौत हो गई। माधवनगर थाना पुलिस ने निजी अस्पताल से मिली सूचना के बाद मर्ग कायम किया और शनिवार दोपहर पोस्टमार्टम कराया। इस दौरान मायके और ससुराल पक्ष के काफी लोग पोस्टमार्टम कक्ष के बाहर एकत्रित हो गए थे। प्रिया नवविवाहित बताई जा रही थी, जिसके चलते तहसीलदार की मौजूदगी में पोस्टमार्टम कराया गया। बताया जा रहा है कि उपचार के दौरान महिला ने अपने पति के खिलाफ प्रताड़ित करने का बयान दिया था। माधवनगर थाना पुलिस के अनुसार मामले की जांच संबंधित थाना पुलिस को भेजी जाएगी। भाटपचलाना थाना प्रभारी सत्येंद्र चौधरी के अनुसार मर्ग डायरी मिलने पर मायके और ससुराल पक्ष के बयान दर्ज किए जाएंगे।

### जिलाबदर बदमाश ने किया शहरी सीमा में प्रवेश

**उज्जैन।** आपराधिक गतिविधियों में लगातार शामिल रहने वाले पंवासा थाना क्षेत्र के बदमाश मोहसिन पिता फारूक मंसूरी 30 साल को फरवरी माह में जिलाधीश के आदेश पर छह माह के लिए जिलाबदर कर दिया गया था और जिले के साथ ही संभाग की सीमा में प्रवेश नहीं करने की हिदायत दी थी। बावजूद इसके बीती रात बदमाश आदेश का उल्लंघन कर शहरी सीमा में पहुंचा हो अपने घर के आसपास पाण्ड्याखेडी कालोनी पंवासा में घूम रहा था। जिलाबदर बदमाश की सूचना पुलिस को मिली तो पंवासा थाना एएसआई सीताराम भूरिया टीम के साथ पाण्ड्याखेडी पहुंचे और बदमाश को गिरफ्तार कर लिया जिसके खिलाफ राज्य सुरक्षा अधिनियम की धारा 14 में कार्रवाई की गई और शनिवार को न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया। बदमाश के खिलाफ पूर्व में 8 से 10 मामले दर्ज होना बताए गए हैं।

---

**मशीन शिफ्टिंग के लिये आया था, झाड़ियों में मिला ब्लूटूथ-मोबाइल**

# लापता इंजीनियर की 5 दिन बाद मिली लाश

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

क्रेशर स्टोन खदान पर मशीन शिफ्टिंग के लिए आया इंजीनियर लापता हो गया था। 5 दिन बाद शनिवार को केसूनी मार्ग पर पुलिया के पास सड़क किनारे गड्ढे में लाश पड़ी होना सामने आई। जानवरों ने चेहरा और आधा शरीर नोच लिया था। मामला दुर्घटना का प्रतीत हो रहा है। गड्ढे में एक्टिवा भी मिली है।

नरवर थाना क्षेत्र के पिपलोदा द्वारकाधीश में कुलदीप पंवार निवासी सेठीनगर क्रेशर स्टोन खदान संचालित करता है। जहां लगी मशीन को शिफ्ट करने के लिए उसने श्यामगढ़ से इंजीनियर को बुलाया था। इंजीनियर के अवकाश पर होने के चलते उसके स्थान पर बिहार का रहने वाला इंजीनियर संजीव पिता सुधीर पंडित 30 मई को उज्जैन आया था। 31 मई की रात कुलदीप की एक्टिवा लेकर पिपलोदा द्वारकाधीश से सेठी नगर आने के लिए निकला था। लेकिन वहां नहीं पहुंचा। पहले उसकी तलाश प्रेशर स्टोन संचालित करने वाले कुलदीप ने शुरू की और मोबाइल पर कॉल किया लेकिन स्विच ऑफ आने लगा। दूसरे दिन भी जब वह नहीं लौटा तो परिजनों से पूछता शुरू की कुलदीप की एक्टिवा का भी कुछ पता नहीं चल रहा था। परिजनों ने भी संपर्क करने का प्रयास किया लेकिन मोबाइल स्विच ऑफ होने पर कुछ पता नहीं चल पाया पिता और परिजन उज्जैन पहुंच गए। 3 जून को संजीव के लापता होने की शिकायत पुलिस को दर्ज कराई गई। पुलिस भी मोबाइल लोकेशन के आधार पर ही उसकी तलाश में लगी थी लेकिन मोबाइल बंद होने से लोकेशन नहीं मिल पा रही थी। 5 दिन गुजर जाने के बाद शनिवार सुबह कुछ लोग केसुनी मार्ग से गुजरे तो उन्हें दुर्गंध आने लगी। पुलिया के आसपास देखा तो सड़क किनारे सूखे गड्ढे में लाश पड़ी हुई थी, कुछ दूरी पर ही एक्टिवा भी क्षतिग्रस्त हालत में थी। मामले की जानकारी लगते ही थाना प्रभारी बल्लू मंडलोई टीम के साथ मौके पर पहुंचे मृतक की पहचान संजीव के रूप में हो गई एक्टिवा कुलदीप की होना सामने आई। खबर मिलते ही परिजन और क्रेशर स्टोन खदान पर काम करने वाले मौके पर पहुंच गए थे। 5 दिन पुरानी लाश होने के साथ बारिश और गर्मी की वजह से पूरी तरह से खराब हो चुकी थी वहीं जानवरों ने भी शरीर का अधिकांश हिस्सा नोच लिया था। पुलिस ने मर्ग कायम कर बॉडी पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल पहुंचाई। थाना प्रभारी मंडलोई ने बताया कि मामला दुर्घटना का प्रतीत हो रहा है संभवत किसी वहां से टक्कर लगने पर संजीव एक्टिवा सहित सड़क किनारे नीचे गड्ढे में जाकर गिरा है। उसका मोबाइल और ब्लूटूथ झाड़ियां में पड़ा था वहीं गिरने से उसके जूते भी पैरों से निकल गए थे। शॉर्ट पोस्टमार्टम रिपोर्ट में भी मामला दुर्घटना का ही सामने आ रहा है। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंपा गया है।



#### हातोद में मिली 8 दिन पुरानी लाश

बड़नगर तहसील के ग्राम पीरझलार में रहने वाला सुल्तान पिता अजगर 30 वर्ष 8 दिन पहले 29 मई की रात लापता हो गया था। जिसके वापस नहीं लौटने पर परिजनों ने उसकी गुमशुदगी दर्ज कराई थी और बताया था कि भाई से झगड़ा होने के बाद घर से निकला था। बड़नगर थाना प्रभारी अशोक कुमार पाटीदार तलाश के लिए एक टीम गठित की थी लेकिन कुछ पता नहीं चल पा रहा था पुलिस को जहां भी जानकारी मिल रही थी वहां पहुंच रही थी इस बीच आठ दिन गुजर चुके थे। शनिवार को खबर मिली कि इंदौर के हातोद में एक युवक की बोरे में बंद सड़ी हुई लाश मिली है। बड़नगर पुलिस इंदौर पहुंची, लेकिन लाश कंगाल के रूप में होना सामने आई। पहचान कर पाना मुश्किल था बावजूद इसके लापता सुल्तान के परिजनों को इंदौर बुलाया गया। इस दौरान पत्नी ने एक दांत और कपड़े से मृतक की पहचान सुल्तान के रूप में कर ली। थाना प्रभारी अशोक पाटीदार के अनुसार मामला हत्या का होना सामने आया है फिलहाल हातोद पुलिस जांच कर रही है जो भी तथ्य सामने आएंगे उसके आधार पर आगे की विवेचना की जाएगी। भाई और भतीजे से पूछताछ कर घटना का पता लगाने के प्रयास किया जा रहे है।

---

**डिवाइडर से टकराई बाइक, भतीजा हुआ घायल**

# भगवान महाकाल दर्शन से पहले हादसे में महिला श्रद्धालु की मौत

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

महाकाल दर्शन के लिए भतीजे के साथ बाइक से आ रही महिला श्रद्धालु की रास्ते में सड़क हादसे के दौरान मौत हो गई। बाइक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकराई थी। घटनाक्रम में भतीजा घायल हुआ है।

उत्तर प्रदेश के ललितपुर की रहने वाली राजकुमारी पति सत्यनारायण साहू 55 साल अपनी छोटी बहन के यहां इंदौर आई थी। शनिवार तड़के सभी दो पहिया वाहन से बाबा महाकाल के दर्शन करने उज्जैन आ रहे थे। राजकुमारी साहू अपनी बहन के पुत्र रितिक साहू की बाइक पर बैठी थी। उज्जैन में प्रवेश करते ही निनोरा के समीप अचानक रितिक का रफ्तार पर संतुलन नहीं रहा और बाइक अनियंत्रित होने के बाद डिवाइडर से जा टकराई। राजकुमारी साहू के सिर में गहरी चोट लगी थी। पीछे आ रहे परिवार के लोगों ने घटनाक्रम देखा तो दोनों को निजी अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां डॉक्टरों ने राजकुमारी को मृत घोषित कर दिया। रितिक को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दी गई। घटनाक्रम की जानकारी लगते ही नानाखेड़ा थाना पुलिस अस्पताल पहुंची और राजकुमारी का शव पोस्टमार्टम के लिए चरक अस्पताल लाया गया। जहां से परिजन अंतिम संस्कार के लिए उत्तर प्रदेश लेकर गए हैं।





#### मजदूर को अज्ञात वाहन ने कुचला

सड़क दुर्घटना का एक मामला शुक्रवार शनिवार रात उन्हेल रोड पर होना सामने आया। बाइक पर सवार व्यक्ति को अज्ञात वाहन ने कुचल दिया था। जिसे उपचार के लिए आर्डी गार्डी मेडिकल कॉलेज लाया गया जहां कुछ देर चले उपचार के बाद उसकी मौत हो गई। मामले की सूचना मिलने पर चिमनगंज थाना पुलिस अस्पताल पहुंची। मृतक की पहचान करने पर सामने आया कि भेरूगढ़ क्षेत्र का रहने वाला बलराम पिता सिद्धूजी 45 साल है। रात में ही परिजन मेडिकल कॉलेज पहुंच गए थे। उन्होंने बताया कि मजदूरी के लिए गया था। चिमनगंज थाना पुलिस ने शनिवार सुबह पोस्टमार्टम के बाद मामले की जांच भेरूगढ़ थाना पुलिस को सौंपी है।

---

# पुलिस ने एक घंटे में खोज निकाला गुम हुआ 1.75 लाख रुपये का बैग

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

बस में यात्रा के दौरान गुम हुआ 1.75 लाख रुपए से भरा बैग पुलिस ने 1 घंटे में खोज निकाला। एक जैसे दो बैग होने पर अदला-बदली हो गई थी। बैग में रुपए सुरक्षित मिलने पर पुलिस ने वापस लौटा दिया है।

इंगोरिया थाना प्रभारी दीपेश व्यास ने बताया कि शनिवार को बीके यादव बस में उज्जैन से बदनावर का सफर आयुर्वैदिक मेडिसिन कंपनी में मार्केटिंग का काम करने वाला ध्रुव अग्रवाल अपने पिता विनोद अग्रवाल निवासी बेलगंज आगरा उत्तर प्रदेश के साथ सफर कर रहा था। बस में सीट नहीं मिलने पर ध्रुव खड़ा था उसने अपना देख सीट के ऊपर केबिन में रख दिया था जिसमें 1.75 लाख रुपए नगद और कंपनी से जुड़े दस्तावेज रखे हुए थे नहीं मिलने पर ध्रुव खड़ा था, बस के इंगोरिया पहुंचने पर सीट खाली होते ही उसने बैठने का प्रयास किया और बैग देखा तो गायब था। उसके बैग जैसा हूबहू रंग का दूसरा बैग रखा हुआ था। ध्रुव और उसके पिता ने बस को रुकवाया और तत्काल इंगोरिया थाना पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने सर्चिंग शुरू की और 1 घंटे में गौतमपुरा मार्ग से इस रंग का बैग लेकर जाते युवक को रोक बैग की तलाशी ली जिसमें रुपए और दस्तावेज रखे हुए थे। पुलिस में पूछताछ की तो उक्त युवक द्वारा बैग गलती से उठाकर बस से उतरने की बात कही। उसने बैग में रखे रुपए भी बस से उतरने के बाद नहीं देखे थे। पुलिस ने पूरी जांच के बाद रूपयो से भरा बैग ध्रुव अग्रवाल और उसके पिता को लौटा दिया। थाना प्रभारी के अनुसार बैग की तलाश कर वापस लौटने में एसआई नानकराम पटेल, एएसआई दिनेश निनामा, आरक्षक नितेश रायकवार, भोजराज परमार, दीपक सोलंकी का सहयोग रहा।



---

# महाकाल मंदिर में प्रोटोकॉल दर्शन बंद करने की मांग

**अखिल भारतीय मंदिर मठ सनातन धर्म मोर्चा ने पीएम और सीएम को लिखा पत्र**

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

महाकाल मंदिर में भस्म आरती के दौरान नंदी हॉल में वीआईपी श्रद्धालुओं को मिलने वाली प्रोटोकॉल व्यवस्था समाप्त करने की मांग को लेकर अखिल भारतीय मंदिर मठ सनातन धर्म मोर्चा ने प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री को पत्र लिखा है।

अखिल भारतीय मंदिर मठ सनातन धर्म मोर्चा के अध्यक्ष किशोर कुशवाह ने महाकाल मंदिर समिति से मांग की है कि मंदिर में प्रोटोकॉल व्यवस्था समाप्त की जाए। उन्होंने कहा कि प्रोटोकॉल के नाम पर वर्षभर प्रत्येक सोमवार, शिवरात्रि सहित विभिन्न त्योहारों और पर्वों पर कई बार विशेष अनुमति देकर लोगों को भस्म आरती में बैठने की सुविधा दी जाती है। इससे आम भक्तों के सनातन अधिकारों पर कुठाराघात हो रहा है।

अध्यक्ष कुशवाह ने उन्होंने रोजाना आने वाले सेलिब्रिटी और उन्हें मिलने वाली प्रोटोकॉल व्यवस्था पर भी सवाल उठाए। उनका कहना है कि महाकाल मंदिर समिति प्रोटोकॉल के तहत उन्हें विशेष दर्शन, स्वागत और अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराती है, जबकि उन्होंने मंदिर को कोई विशेष दान नहीं दिया है। ऐसे में उन्हें यह विशेष महत्व क्यों दिया जा रहा है। कुशवाह ने कहा कि पूर्व में 25 आम भक्तों को नंदी हॉल में बैठने की सुविधा दी जाती थी, जो श्रद्धालुओं के सम्मान में अच्छी व्यवस्था थी। हालांकि, वीआईपी और सेलिब्रिटी को प्राथमिकता देने के कारण यह व्यवस्था बंद कर दी गई, जो निंदनीय है। अखिल भारतीय मंदिर मठ सनातन धर्म मोर्चा ने प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री को पत्र भेजकर मांग की है कि महाकाल मंदिर समिति की भस्म आरती, नंदी हॉल और अन्य आरतियों में लागू विशेषाधिकार वाली व्यवस्था समाप्त की जाए। साथ ही देश के सभी मंदिरों में प्रोटोकॉल व्यवस्था खत्म कर आम सनातन भक्तों के सम्मान को प्राथमिकता दी जाए।



---

**बारिश के बाद उमस भड़की, तापमान में उतार-चढ़ाव का दौर**

# पसीना-पसीना हो रहे आमजन

### सूरज भी रोद्र रूप में, बादल बने लेकिन बरसे नहीं

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

प्रि मानसून के तहत पिछले 5 दिनों में तीन बार बरसे बादलों से उमस भडक गई है। इसके साथ ही तापमान में भी अस्थिर स्थिति बनी हुई है। उमस भडकने से आमजन पसीना-पसीना हो रहा है और बेचैनी की शिकायत आम हो चली है। सूरज भी अपने रोद्र रूप में कोई नर्मी नहीं कर रहा है बादल बने हैं लेकिन बारिश नहीं होने से उमस बराबर बढी हुई है।

जून की शुरूआत होते ही प्रि मानसून की बारिश ने अपना रंग दिखाया है। इसके चलते प्रारंभिक 5 दिनों में ही अच्छी खासी बारिश दर्ज की गई है। इस बारिश से तापमान में अस्थिरता बनी है। उतार-चढाव का दौर कायम है । बादलों के बनने और बारिश न होने से उमस बराबर भडक रही है। इस उमस से आमजन बराबर बैचेनी और घबराहट का शिकार हो रहा है। इसके चलते लोग उल्टी एवं अन्य बिमारी का शिकार हो रहे हैं।

**बैचेनी एवं घबराहट बढी-** पिछले 5 दिनों में 3 बार बारिश हुई है। इससे उमस भडक रही है। दिन में और रात को आमजन पसीने से तर हो रहा है। बैचेनी और घबराहट के शिकार लोग हो रहे हैं। ऐसे में उल्टी जैसी बिमारी भी लोगों को हो रही है। डाक्टर बताते हैं कि ऐसे समय में ढीले एवं सूती कपडे पहनना चाहिए। इसके साथ ही पानी का सेवन ज्यादा से ज्यादा करें। यही नहीं इसके साथ अगर ज्यूस,नारियल पानी ले । धूप में संभव हो तो नहीं निकलें। घबराहट एवं बैचेनी अधिक होने पर कपडों को ढीला कर हवा वाले स्थान पर लेटें या बैठें। सामान्य स्थिति होने पर ही धूप में जाएं।



---

**दो माह पहले चोरी हुई बाइक के साथ पुलिस ने आरोपी को हिरासत लिया, साथी के साथ मिलकर उज्जैन और रतलाम में वाहनों की चोरी करना कबूल किया**

# मकान में छुपाकर रखी थी पांच बाइक और दो ट्रैक्टर

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

दो माह पहले चोरी हुई बाइक के साथ पुलिस ने आरोपी को हिरासत लिया तो उसने अपने साथी के साथ मिलकर उज्जैन और रतलाम में वाहनों की चोरी करना कबूल कर लिया। पुलिस ने उसके निशानदेही पर पांच बाइक और दो ट्रैक्टर बरामद किए हैं। आरोपी का साथी फरार है, जिसकी तलाश जारी है।

राघवी थाना एसआई वीरेंद्र वंदेबार ने बताया कि 18 मार्च को ग्राम नीमखेड़ा में रहने वाले बारिश पिता मदनलाल नायक की बाइक ग्राम खेड़ामदा गौशाला के पास से चोरी हो गई थी। पुलिस द्वारा मामले में चोरी का प्रकरण दर्ज कर बाइक चुराने वाले की तलाश की जा रही थी। 2 माह बाद सूचना मिलने पर ग्राम नीमखेड़ा के ही रहने वाले तोफानसिंह पिता बनेसिंह गुर्जर 26 वर्ष को हिरासत में लिया गया और पूछताछ की गई तो उससे चोरी की बाइक बरामद हो गई। वाहन चोरी का खुलासा होते ही आरोपी से अन्य वाहनों के संबंध में पूछताछ शुरू की गई तो उसने अपने साथी श्यामसिंह के साथ मिलकर उज्जैन और रतलाम से वाहन चोरी करना स्वीकार कर लिया। पुलिस ने उसकी निशानदही पर उसके ही खेत पर बने मकान की तलाशी ली तो वहां से चोरी की चार अन्य बाइक को दो ट्रैक्टर भी बरामद हो गए। एसआई बंदेवार के अनुसार पूरे मामले का खुलासा थाना प्रभारी काजलसिंह के मार्गदर्शन एएसआई सेवाराम डोडियार, प्रधान आरक्षक राजेन्द्र सिंह, रविन्द्र मंडलोई, आरक्षक मुकेश परमार, अर्चित यादव, रविन्द्र सिंह सेंगर एवं सैनिक नरेन्द्र सिंह चौहान द्वारा किया गया है। आरोपी तोफानसिंह को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से न्यायिक हिरासत में जेल भेजा गया है। उसका साथी श्याम सिंह फरार है जिसकी तलाश की जा रही है संभावना है कि उसके गिरफ्त में आने पर अन्य चोरी के वाहनों की जानकारी भी सामने आ सकती है।



स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संदीप मेहता द्वारा अवंतिका ऑफसेट 2, महाकाल मंदिर मार्ग, मालीपुरा, उज्जैन (म.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-संदीप मेहता 9827771777 फोन : 0734-4012777 Email -dainikbrahmastra@gmail.com